53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 24.2°c अधिकतम 34.0 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:15, सूर्यास्त - 5:59 | वर्ष : 53/अंक : 276 सोमवार, 06 अक्टूबर 2025 अश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

पराजय तब नहीं होती जब आप गिर जाते हैं, पराजय तब होती है, जब आप गिरकर उठने से इंकार कर देते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

लालू और तेजस्वी खुद की जितनी भी तारीफ कर लें, जंगलराज अब बिहार में लौटने वाला नहीं है : गिरिराज सिंह



वोट यूँ ही नहीं दिया जाता..... लोग अच्छे भलों को चुनते हैं....

# 43 ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध कार्यवाही, जातिसूचक शब्दों को लिखकर चलने वाले दुपहिया वाहनों के भी हुए चालान

मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। ई-रिक्शाओं पर लगातार यातायात विभाग कठोर कार्यवाही करता दिखाई दे रहा है। यातायात पुलिस अधीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात ऋषिका सिंह व यातायात प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में नगर के विभिन्न चौराहों पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ई-रिक्शा चालकों द्वारा बीमा प्रपत्र, लाइसेंस, व फिटनेस पूर्ण न होने पर 43 रिक्शाओं के चालान किये गए। इसके अलावा जातिसूचक शब्द लिखे 5 वाहनों के, बिना हेलमेट लगाए वाहनों के 32 तथा सीट बेल्ट लगाकर न चलने वालों के 7 चालान किये गए। चार ऐसी गाड़ियों के भी चलान किये गए जिनके शीशों पर काली फिल्म लगी थी। 2 चालान हूटर, सायरन का प्रयोग करने वालों के किए गए तथा 9 दुपहिया वाहनों के चालान तीन सवारियां बैठाकर चलने वालों के किए गए। इसी क्रम में 8 चालान वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वालों के किए गए। इस दौरान अतिक्रमण हटाओ अभियान के अन्तर्गत झांसी की रानी के आसपास पुनः अतिक्रमण करने वालों के अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गयी।





## जल्द से जल्द ई-रिक्शाओं पर पेंट कराएं चालक

*मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने उन ई-रिक्शा स्वामियों को निर्देश दिये, जिनके रूट लॉटरी से तय कर दिये गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे रिक्शा चालक तुरन्त अपनी रिक्शाओं पर पेंट कराएं और निर्धारित रूट पर ही चलें अन्यथा की स्थिति में ई-रिक्शा स्वामियों पर कार्यवाही की जाएगी। आपको बता दें कि त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस ने जाम का समाधान करने के लिए पहले से ही यह आदेश जारी कर दिये थे कि मुजफ्फरनगर में ई-रिक्शाएं निर्धारित रूट पर ही चल सकेंगी। अब देखना यह होगा कि ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही कब अमल में लाई जाती है, जो अभी भी बिना रूट और बिना पेंट कराए चल रहे हैं।*



# 60 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति की हौज में गिरने से, किसान की सांप के काटने से दर्दनाक मौत

**मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। शराब का सेवन करने वाले अस्सी प्रतिशत लोग शराब पीने के दौरान अपने ऊपर नियंत्रण खो देते हैं। न तो उन्हें यह पता लगता है कि कितनी शराब पीनी है? और न ही शुरू करने के बाद उसे छोड़ना मुमकिन होता। मगर फिर भी शराब पीने वाले मानते ही कहां हैं? शराब का नियमित सेवन करने वाले लोग अलग-अलग तरह से मौत का शिकार हो जाते हैं। तितावी के रहने वाले सोमपाल का शव रविवार की सुबह 10 बजे ट्यूबवैल की हौज में पड़ा मिला तो तरह-तरह की चर्चाएं क्षेत्र में व्याप्त हो गयी। दरअसल तितावी थाना क्षेत्र के गांव धनसैनी निवासी 60 वर्षीय व्यक्ति सोमपाल का शव उस समय ग्रामीणों ने ट्यूबवैल की हौज में पड़ा देखा, जब सुबह खेत पर काम करने के लिए ग्रामीण पहुंचे। पुलिस व परिजनों को इसकी सूचना दी गयी तो पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त करते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि शराब के नशे में उक्त व्यक्ति के हौज में गिरने की आशंका है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने यह भी बताया कि शराब पीने के साथ साथ सोमपाल को दौरा भी पड़ा करता था। पुलिस ने जब इस बात की जांच के लिए पोस्टमार्टम को कहा तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।**





## किसान की सांप के डसने से मौत

मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)। तितावी थाना क्षेत्र के गांव लखान निवासी रामकुमार की उस समय दर्दनाक मौत हो गयी, जब रामकुमार सुबह के समय खेत में काम करने के लिए गया था। खेत पर काम करते समय ही एकाएक सांप ने किसान को डस लिया और डसी हुई हालत में ही वह घर पहुंचा और परिजनों को सांप के काटने की जानकारी दी, जहां आनन-फानन में परिजन किसान को चिकित्सक के यहां ले गए मगर तब तक किसान की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि किसान रामकुमार की पत्नी सुनीता व दो बेटियों व एक बेटे का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि किसान की बड़ी बेटी का विवाह जल्द ही होने वाला था। दर्दनाक हादसे से पूरे परिवार व क्षेत्र में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।



# 80 करोड़ से होगा नगर का विकास : 13 को बोर्ड बैठक में होगा पास

**नगर पालिका द्वारा विकास का एजेंडा जारी ▶▶ सभी 55 वार्डों में होंगे 50 करोड़ की लागत से विकास कार्य**

**मुजफ्फरनगर, 05 अक्टूबर (बु.)।** नगरीय विकास को पंख लगाने के साथ इस विकास यात्रा को नई रफ्तार देने के लिए नगर पालिका चेयरपर्सन इस बार 80 करोड़ रुपये की नगरीय विकास योजनाएं लेकर आई हैं। आगामी 13 अक्टूबर को बहुप्रतीक्षित बोर्ड बैठक में ऐतिहासिक एजेंडा सदन में प्रस्तुत करने की तैयारी हो चुकी है। इस विकास योजना के अंतर्गत शहर के 55 वार्डों में करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से व्यापक विकास कार्य कराए जाएंगे, जिसमें सड़क, नाली, जल निकासी व सुदृढ़ पेयजल आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया है।

नगरपालिका परिषद् की बोर्ड बैठक 03 जून के बाद नहीं हो पाई है। अब करीब 4 माह बाद नगरीय विकास के लिए कई बड़ी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए बोर्ड बैठक तय की गई है। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की स्वीकृति मिलने के बाद ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने शनिवार देर शाम 128 प्रस्ताव वाला भारी भरकम एजेंडा जारी कर दिया है, जिसके अनुसार 13 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे नगर पालिका सभाकक्ष में बोर्ड बैठक प्रस्तावित की गई है। इस एजेंडे में सामान्य तौर पर कांवड़ यात्रा, अग्निवीर सेना भर्ती, कर्मियों को ठंडी वर्दी, चिकित्सा प्रतिपूर्ति और पालिका भवनों में मरम्मत के साथ शहरी विकास के लिए कई बड़ी योजनाओं में पेयजल आपूर्ति एवं पथ प्रकाश व्यवस्था पटरी पर लाने व सीसी सड़कों का जाल बिछाने की बड़ी पहल की है। इस जारी एजेंडे में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शहरी विकास को प्राथमिकता देते हुए सभी वार्डों में करीब 50 करोड़ रुपये की धनराशि से सीसी सड़क व अन्य कार्यों को शामिल किया है। इसमें कई बड़ी सड़कें-नालों के निर्माण कार्य शामिल हैं। 44 करोड़ 85 लाख 36 हजार 550 रुपये की लागत से 55 वार्डों में सुलभ आवागमन, जल निकासी, सौन्दर्यकरण आदि के लिए 337 कार्य प्रस्तावित हैं, वहीं सभी वार्डों में 1 करोड़ 72 लाख 25 हजार रुपये की लागत से चैनल, नाली पुलिया व सड़क मरम्मत के 56 कार्य अलग से शामिल किए हैं। इस बोर्ड बैठक में पथ प्रकाश व्यवस्था संवारने में चेयरपर्सन ने बड़ा निर्णय लेते हुए करीब दो वर्षों से नई लाइटों की खरीद का मामला शिकायतों और जांच में अटक जाने के कारण उन्होंने लाइट खरीद के साथ ही हाईमास्ट लाइट, फैंसी स्ट्रीट लाइट व सेमी हाईमास्ट लाइट लगाने के लिए अलग से प्रस्ताव शामिल किए हैं, जिनमें एटूजैड चौराहा, सुरेन्द्र नगर कॉलोनी चौराहा, नई मंडी चौराहा सहित अन्य 5 स्थानों पर 16 मीटर हाईमास्ट लाइट लगेंगी। नई मंडी, गांधी कॉलोनी, पटेल नगर, गांधीनगर, कूकड़ा, प्रेमपुरी ईदगाह, हनुमान चौक, आबकारी रोड, अंसारी रोड, सदर बाजार में 72 से 84 वॉट की एलईडी फैंसी लाइट लगाने की योजना है। 75 और 45 वॉट की करीब 3000 नई एलईडी स्ट्रीट लाइट खरीदने का प्रस्ताव भी शामिल किया है। इसके साथ ही पालिका में सीमा विस्तार के बाद कार्य विभाजन के प्रस्ताव को भी लाया जा रहा है, जिसमें पालिका के वर्तमान में बने 55 वार्डों को 8 के बजाए 12 हल्कों में बांटने का प्रस्ताव है, ताकि कर्मचारियों पर कार्य का बोझ कम होने के साथ लोगों को सुलभ व्यवस्था बने। अचल सम्पत्ति नामांतरण के लिए अंतिम निर्णय के अभाव में लटकी 650 पत्रावलियों का निस्तारण कराने को बोर्ड ईओ को अधिकार देने का निर्णय भी लिया जा रहा है।



**इन्होंने कहा-**

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा है कि यह योजना केवल अधोसंरचना सुधार नहीं बल्कि स्मार्ट और सुगम शहर की दिशा में एक ठोस कदम है। पालिका बोर्ड की बैठक में यदि यह प्रस्ताव पारित हो जाता है, तो आने वाले महीनों में शहरवासियों को जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। यह योजना नगर क्षेत्र की वर्तमान जरूरतों के साथ भविष्य की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए तैयार की गई है।

# बझेड़ी में नकाबपोश युवकों की हवाई फायरिंग से बाल-बाल बचा व्यक्ति

**मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)।** नई मडी कोतवाली क्षेत्र के गांव बझेड़ी में दो नकाबपोश युवकों ने एक व्यक्ति के मकान के बाहर पहुंचकर रंजिश के चलते हवाई फायरिंग कर डाली। बताया जाता है कि उक्त फायरिंग रंजिशन हुई है। आपको बता दें कि नई मण्डी थाना क्षेत्र के बझेड़ी गांव का निवासी राशिद अन्य ग्रामीणों के साथ मकान के चबूतरे पर बैठा हुआ था। शाम के समय बाइक पर सवार दो नकाबपोश युवक आए और उसके मकान के बाहर तमंचे से फायरिंग कर दी। गोली मकान की दीवार पर जा लगी। अचानक हुई फायरिंग से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। फायरिंग के बाद दोनों नकाबपोश युवक हाइवे की ओर फरार हो गए और ग्रामीणों की पकड़ में नहीं आए। तत्काल उक्त घटना की जानकारी नई मण्डी पुलिस को दी गयी। पुलिस का बताना है कि चार दिन पहले राशिद का बाइक सवार युवकों के साथ विवाद हुआ था, जिसमें ग्रामीणों ने दोनों युवकों की जमकर पिटाई कर दी थी। माना जा रहा है उन दोनों युवकों ने ही क्षेत्र में हड़कम्प मचाने के उद्देश्य से राशिद को यह जाहिर कराने के लिए फायरिंग की है कि उसने ही ग्रामीणों की मदद से उक्त दोनों युवकों की पिटाई करवाई थी। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।



# फर्जी दस्तावेज बनाकर वाहन बेचने वाले तीन गिरफ्तार, पांच कारें बरामद

**मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)।** रविवार को मुजफ्फरनगर के थाना मंसूरपुर पुलिस ने वाहनों के फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर शाहपुर कट पर बैरियर लगाकर चेकिंग की तो एक महिंद्रा थार गाड़ी में सवार होकर आ रहे तीन संदिग्ध लोगों को पुलिस ने रोका। जब पुलिस ने इन संदिग्धों की गाड़ी की चैकिंग की तो 2 फर्जी नंबर प्लेट, 2 आरसी और



फाइनेंस दस्तावेज बरामद हुए। पुलिस ने 30 वर्षीय शहजाद मलिक निवासी गगौल, जिला मेरठ, 25 वर्षीय प्रवीण कुमार और 23 साल के रविंद्र यादव निवासीगण शास्त्री नगर, मेरठ शहर को मौके से पुलिस ने धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह फाइनेंस पर वाहन निकालकर आरटीओ और बैंक से नो ड्यूज बनाते और बेचते थे। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर ऐसी ही 5 कारें बरामद की गई हैं। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने घटना का खुलासा करते हुए मंसूरपुर पुलिस का उत्साह बढ़ाया।





# हाईवे पर खतरनाक बाइक स्टंट : बिना स्टेयरिंग संभाले बाइक चलाई

## हाईस्पीड में बाइक को बिना स्टीयरिंग संभाले चला रहा था और दूसरी तरफ से मोबाइल पर रिकॉर्डिंग भी कर रहा था

**बुढ़ाना, 05 अक्टूबर (बु.)।** बुढाना के मेरठ-करनाल हाईवे पर एक युवक के बाइक स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक तेज रफ्तार में हेलमेट पहनकर खतरनाक स्टंट करता दिख रहा है, जिससे सड़क पर यात्रा कर रहे अन्य लोगों की जान को खतरा हो सकता है। वायरल वीडियो में युवक मेरठ-करनाल मार्ग पर बायवाला पुलिस चौकी के पास अपनी बाइक पर स्टंट कर रहा है। उक्त युवक हाई स्पीड में बाइक को बिना स्टीयरिंग संभाले चला रहा था और दूसरी तरफ से मोबाइल पर रिकॉर्डिंग भी कर रहा था। बाइक की नंबर प्लेट यूपी-15 बीएस 5249 साफ दिखाई दे रही है। यह वीडियो सड़क पर चल रहे अन्य यात्रियों द्वारा शूट कर सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। मेरठ-करनाल हाईवे पर ऐसे बाइक स्टंट आम बात हो गए हैं। यह व्यस्तम मार्ग दिल्ली-एनसीआर को उत्तर प्रदेश से जोड़ता है, जहाँ प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। ऐसे में ऐसे स्टंट न केवल चालक के लिए जानलेवा होते हैं, बल्कि अन्य राहगीरों की जान को भी खतरे में डालते हैं। पुलिस ने इस मामले में मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 और 185 के तहत कार्रवाई की बात कही है। इन धाराओं के तहत 5 हजार रुपये तक का जुर्माना, लाइसेंस का निलंबन और बाइक की जब्ती शामिल है। पुलिस के अनुसार, सार्वजनिक सड़क पर इस तरह के स्टंट करना आपराधिक लापरवाही का मामला है, जो भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 336 के दायरे में आता है।



## ट्रेन की चपेट में आने से 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**खतौली, 05 अक्टूबर (बु.)। ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। मृतक की रेलवे पुलिस ने जब शिनाख्त कराई तो पता चला कि मृतक खतौली के बाजितपुर खुर्द गांव का 65 वर्षीय सत्येन्द्र कुमार पुत्र हरपाल सिंह निकला। शव को शिनाख्त के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।**

# खतौली में बदमाशों और पुलिस की मुठभेड़ में नावेद, ताजिम व नाजिम घायल

**खतौली/मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)।** खतौली में रविवार दोपहर को पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गयी।



मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने घायल कर दिया। उक्त तीनों बदमाश मोबाइल टॉवरों से उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य बताए गए हैं। पुलिस का बताना है कि खतौली थाना पुलिस गंगनहर मार्ग पर सघन चैकिंग कर रही थी। उसी समय पुलिस ने एक गाड़ी को रुकने का इशारा किया तो उक्त गाड़ी में से तीन बदमाशों ने अचानक पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की तो तीनों बदमाशों के पैर में गोली जा लगी। उक्त तीनों बदमाशों की पहचान तीस वर्षीय नावेद, बत्तीस वर्षीय ताजिम और अट्ठाइस वर्षीय नाजिम के रूप में हुई। तीनों मेरठ जिले के लिसाढ़ी गेट के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार ये लम्बे समय से दूर संचार टॉवरों को निशाना बनाकर उपकरण चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मोबाइल टॉवरों पर लगी ट्रांसमीटर प्लेट्स और रेडियो रिमोट यूनिट मशीनों को ये तीनों चोरी किया करते थे। चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए टेलीकॉम कम्पनियों को करोड़ों का नुकसान होता था, इसी के साथ-साथ उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना होता था। उक्त कार्यवाही सीओ खतौली रामाशीष यादव के नेतृत्व में की गयी।



एसएचओ दिनेश बघेल की टीम ने पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया। फिलहाल तीनों का चालान कर दिया गया है।

25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare

**मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (ग़ाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ विशेषज्ञों से परामर्श अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में**



**डॉ. चिराग जैन**
सीनियर कंसल्टेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025 | सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे
गंगा राम हॉस्पिटल, जिला परिषद कॉलोनी, सदर बाजार, मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

**समस्याएँ:** वजन का कम होना, खून की कमी या अनेमिया, थकान और कमजोरी का अनुभव करना, खून में गंध, खून की गिल्टी या खून गर्म होना, खांसी या सांस लेने में परेशानी, भूख की कमी, पेट का बढ़ जाना, पेट में अनियमितता या कब्ज, स्तन या अंडकोष में गांठ का होना इत्यादि।

**डॉ. सिद्धार्थ सतपथी**
एसोसिएट कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी
गुरुवार, 8 अक्टूबर 2025 | सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे
आनंद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

**समस्याएँ:** पेशाब करने में परेशानी, हाथों पैरों में सूजन, सांस फूलना, उच्च रक्तचाप, हाथ पैर का सुन्न होना एवं गुर्दे से सम्बंधित सभी समस्याएं इत्यादि।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82188 74540**

www.maxhealthcare.in
**मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली** (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर -1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

# संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो के घोष से गूंजा आसमां

## - पथ संचलन में स्वयंसेवकों पर हुई जगह-जगह पुष्प वर्षा -आरएसएस ने सौ वर्षों के संघर्ष में किया आत्मा को मजबूत

**मुजफ्फरनगर, 05 अक्टूबर (बु.)।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष की देशभर में धूम के बीच नगर क्षेत्र में विभिन्न शाखाओं ने पूर्ण गणवेश के साथ पथ संचलन में प्रतिभाग किया। इस बीच हर एक आरएसएस कार्यकर्ता के मुख से संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो, भला हो जिसमें देश का, वो काम सब किए चलो का उद्घोष सुनाई दिया, जिसमें हर कोई राष्ट्र की सेवा में समर्पित दिखाई दिया। विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा मुजफ्फरनगर में विजयदशमी-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में रविवार को 39 बस्तियों एवं मंडलों में 8 पथ संचलन व 31 एकत्रीकरण में सहभागिता करके पवित्र संकल्प के बीच में मां भारती की सेवा करने का सौभाग्य भी प्राप्त किया। मां भारती की सेवा व समाज के कल्याण निमित्त अविराम कार्य करने वाले सभी स्वयंसेवकों का पुण्य भाव अभिनंदनीय है। जिले में निकले पथ संचलन के दौरान लोगों ने इन राष्ट्रभक्त स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करके पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। मुजफ्फरनगर जिले में बीते 28 सितंबर से प्रारंभ होकर 5 अक्टूबर तक विजयदशमी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना दिवस के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कुल 115 बस्तियों व मंडलों में कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसी श्रृंखला में रविवार 05 अक्टूबर में कुल 39 कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें जिले भर में 8 संचलन व 31 एकत्रीकरण संपन्न हुए। कार्यक्रम की कड़ी में हनुमान बस्ती रामलीला टिल्ला मैदान पर आयोजित पथ संचलन में कार्यक्रम अध्यक्ष मनोज वर्मा वरिष्ठ स्वयंसेवक ने विधिवत दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान नगर प्रचारक आयुष जी का बौद्धिक रहा। उन्होंने पंच परिवर्तन के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुए विजयदशमी व डॉ. हेडगवार जी के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। वहीं दूसरा आयोजन रामलीला मैदान टाउनहाल कृष्ण बस्ती का एकत्रीकरण का कार्यक्रम हुआ जिसमें जिला कार्यवाह संजय लखान का बौद्धिक रहा। उन्होंने स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों के संघर्ष की चर्चा करने के साथ पंच परिवर्तन विषयों को विस्तार पूर्वक समझाया व नियमित शाखा की विशेषता बताई। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों के परिश्रम, निष्ठा व अनुसासन से ही संघ समाज में प्रतिष्ठित हो रहा है। पटेलनगर रामलीला मैदान में पटेल बस्ती का पथ संचलन हुआ। इस पथ संचलन से पहले विभाग सेवा प्रमुख ब्रिजेश जी का बौद्धिक रहा, जिसमें उन्होंने विजयदशमी व आरएसएस के शताब्दी वर्ष के साथ बीते 100 वर्षों के संघर्ष के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसी श्रृंखला में वसुंधरा कॉलोनी पार्क प्रथम में रविवार को वसुंधरा व भगवती बस्ती पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में विभाग प्रचार प्रमुख विकास भार्गव जी का बौद्धिक रहा। उन्होंने कहा कि बीते 100 वर्ष हर्ष व उल्लास के नहीं हैं। इन 100 वर्षों में हम देखें कि क्या हमने अपना लक्ष्य, जो हमें डॉ. हेडगवार जी ने दिया था, उसे हमने प्राप्त किया है। अभी हम अपने कार्यों से संतुष्ट न हो। आगे के वर्षों में हमें बहुत कार्य करने हैं और हम जब तक अपने परम वैभव भारत के लक्ष्य को प्राप्त न करें, तब तक हमें संतुष्ट भी नहीं होना है। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन विषय को हम समाज में लेकर जायें और स्वयं उनको अपनाते हुए समाज को प्रेरित करें। इन पंच परिवर्तन से हम समाज में परिवर्तन कर भारत को परम वैभव प्राप्त करने की ओर लेकर जाये। इस कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने स्वयं सेवकों के अनुशासन, समर्पण और देशभक्ति से अभिभूत होते हुए आरएसएस के सौ वर्ष पूर्ण होने पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस बीच स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करते हुए स्वयंसेवकों का स्वागत किया।







## सौहार्द कायम करने को मुस्लिमों ने स्वयंसेवकों पर की पुष्प वर्षा

**मुजफ्फरनगर, 05 अक्टूबर (बु.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को विशाल पथ संचलन निकाला गया। यह पथ संचलन नगर के रामलीला टिल्ला मैदान से प्रारंभ होकर मुख्य रूप से हनुमान चौक, पंचमुखी और मौ. लद्दावाला समेत मुख्य मार्गों से होते हुए वापस रामलीला टिल्ला मैदान पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर हिंदुस्तानी पसमांदा मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार व राष्ट्रीय संयोजक शमशाद मीर के निर्देशन में मुस्लिम समाज के लोगों ने पथ संचलन पर पुष्प वर्षा करते हुए आपसी सौहार्द्र और भाईचारे का संदेश दिया। राष्ट्रीय प्रवक्ता मौ.रिजवान अंसारी की अगुवाई में हिंदुस्तानी पसमांदा मंच की टीम ने रविवार में पथ संचलन पर पुष्प वर्षा की। उन्होंने बताया कि संगठन अपने मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार के दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज में शांति, एकता एवं आपसी सम्मान की भावना को मजबूत बनाने के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर की गंगा-जमुनी तहजीब की प्रतीक रही इस भूमि पर आज का यह दृश्य उसी परंपरा का उदाहरण है। इस दौरान लोगों द्वारा पथ संचलन पर पुष्प वर्षा कर सद्भावना का परिचय दिया। इस दौरान मुख्य रूप से हिंदुस्तानी पसमांदा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इदरीस खां, मदरसा प्रकोष्ठ के मौलाना सदरी आलम, जिला प्रकोष्ठ के कारी आस मौहम्मद, मीडिया प्रभारी आमिर मिर्जा, क्षेत्रीय संयोजक रविश अंसारी, मौहम्मद साजिद, मदरसा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान शांतिपूर्ण व सौहार्द्रपूर्ण माहौल में उपस्थित लोगों ने कहा कि आयोजन इस बात का प्रमाण है कि जब सभी समुदाय एक साथ आएं तो देश में अमन, एकता और भाईचारा अपने आप स्थापित होता है।

## पवन सिंह के घर लखनऊ पहुंचीं पत्नी ज्योति सिंह, पुलिस बुलाकर घर से बाहर निकलवा रहे

**लखनऊ, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार पवन सिंह अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। उनकी दूसरी पत्नी ज्योति सिंह के साथ उनके रिश्ते ठीक नहीं चल रहे हैं। इसी बीच रविवार को ज्योति सिंह जैसे ही पवन से मिलने लखनऊ स्थित उनके आवास पर पहुंची, वहां उन्हें पुलिस का सामना करना पड़ा। लखनऊ की लेडी पुलिस उन्हें थाने चलने के लिए कहने लगी। इस पूरी घटना का वीडियो ज्योति सिंह ने अपने इंस्टा पर शेयर किया और बताया कि कैसे उन्हें परेशान किया जा रहा है। इससे पहले पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर उनसे मिलने की इच्छा सार्वजनिक रूप से जताई थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा था, "प्रिय पतिदेव श्री पवन सिंह, मैं कल आपसे और आपके परिवार से मिलने लखनऊ स्थित आपके आवास पर आ रही हूं। मुझे आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि आप मुझसे अवश्य मिलेंगे।" लेकिन रविवार को जब वो लखनऊ पति से मिलने पहुंची तो पवन सिंह ने पुलिस को बुला लिया। इसके बाद वहां हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया। ज्योति सिंह ने जो वीडियो शेयर की है, उसमें वो कह रही हैं कि "देखिए आप लोग ये लोग कैसे मेरे साथ कर रहे हैं। मैं यहां आई हूं और मुझे यहां से निकाला जा रहा है, आप लोगों के कहने पर ही मैं यहां आई थी। अब बताईए मैं क्या करूं" इस बीच वो पुलिस से भी पूछती नजर आईं कि आखिर किस केस पर आप मुझे लेने आई हैं। इस पर लेडी पुलिस ने कहा कुछ नहीं बस आपको वहां बुलाया गया है। दरअसल पवन सिंह और उनकी पत्नी रिश्ते में काफी सालों से ठीक नहीं चल रहे हैं। पवन सिंह तलाक लेना चाहते हैं और कोर्ट में सुनवाई चल रही है। हालांकि बीच में कुछ रिश्तों में सुधार आया था। ज्योति सिंह अपने रिश्ते को सुधारना चाहती हैं, लेकिन रविवार को लखनऊ में जो कुछ भी हुआ उससे बात फिर बिगड़ गई है। अब आगे क्या होता है, ये देखने वाली बात होगी।





## तहसील स्तरीय एथलेटिक्स मीट में बच्चों ने दिखाया दमखम

**मुजफ्फरनगर, 05 अक्टूबर (बु.)।** रविवार को सनातन धर्म इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर में सदर तहसील स्तरीय एथलेटिक्स मीट का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए दमखम दिखाया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रातः 11 बजे हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में दर्शकों के साथ अभिभावकों एवं शिक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। शुभारंभ अवसर पर डॉ. राहुल कुशवाहा ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, संघर्ष और आत्म विश्वास की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि हमारे छात्र-छात्राओं ने जिस उत्साह और समर्पण से भाग लिया, वह वास्तव में इस बात का प्रतीक है कि आने वाले समय में मुजफ्फरनगर के खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम संयोजक व कॉलेज के प्रधानाचार्य आदित्य सक्सेना ने कहा कि एथलेटिक्स जैसे आयोजन छात्रों को न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि उनमें टीम भावना और धैर्य का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारा कॉलेज इस सदर तहसील स्तरीय ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बना।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 05 अक्टूबर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 122100 | चांदी- | 151800 |
| सिक्का- | 1700 | गिन्नी- | 90705 |

## आपका आज का राशिफल

**सोमवार, 06 अक्टूबर, 2025**

**मेष-** आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, निराशा का समापन, अध्यावसाय की ओर रुझान, मान-सम्मान में वृद्धि, जीवन साथी से सामंजस्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

**वृषभ-**व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, समस्या के समाधान में स्वयं का निर्णय लाभदायक, सद्विचारों का उदय, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क का लाभ।

**मिथुन-** आज दिन 10/04 बजे तक मानसिक अशांति, विश्वासघात की आशंका, यात्रा में असुविधा, शेष समय में इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, सुसंदेश।

**कर्क-** आज दिन 10/04 बजे तक सफलता, आर्थिक व्यापारिक प्रगति, धार्मिक कार्यों में रुचि, प्रसन्नता भी, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभाव, प्रतिष्ठा पर आघात।

**सिंह-** समझदारी से किया गया निर्णय लाभदायक, नवसम्पर्क से कुछेक मसले हल, आय के नवीन स्रोत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, दूर या समीप की यात्रा।

**कन्या-**साहसिक प्रयास प्रगति पर, वाद-विवाद की निवृत्ति, शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति की अनुभूति, लाभ का मार्ग प्रशस्त, दूसरों के आश्वासनों से राहत।

**तुला-** आज दिन 10/04 बजे तक ग्रहस्थिति विपरीत, जोखिम से हानि, व्यावसायिक निराशा, शेष समय में उत्तरदायित्व की पूर्ति, सफलता, मनोविनोद।

**वृश्चिक-** आज दिन 10/04 बजे तक व्यवस्थित, व्यक्तित्व का विकास, इच्छाशक्ति जागृत, यात्रा सफल, शेष समय में प्रतिकूलता, कार्य अधूरे, भाग्य में न्यूनता।

**धनु-** व्यावसायिक पक्ष में उन्नति का मार्ग प्रशस्त, अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, धर्म अध्यात्म की ओर अभिरुचि, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम।

**मकर-** समस्या का समाधान पक्ष में, आय के नवीन स्रोत, जिम्मेदारियों को निभाने के लिए व्यय, शुभ समाचार की प्राप्ति से हर्ष, संभावित यात्रा संतोषजनक, धनागम।

**कुम्भ-** आज दिन 10/04 बजे तक व्यवधान, शारीरिक कष्ट, मित्रों से मतभेद, दुर्घटना की आशंका, शेष समय में आर्थिक प्रगति, योजना कार्यान्वयन, राजकीय लाभ।

**मीन-** आज दिन 10/04 बजे तक सफलता, आरोग्य सुख, शुभ भावनाओं का उदय, मनोरथ सिद्धि, शेष समय में जोखिम के कार्य से नुकसान, वैचारिक अस्थिरता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# अमेरिका के न्यूक्लियर हथियारों पर भी शटडाउन का असर

## - ऊर्जा सचिव बोले- सुरक्षा के लिए 8 दिन का फंड बाकी

**वाशिंगटन, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** अमेरिका में 5 दिन से जारी शटडाउन के कारण नेशनल न्यूक्लियर सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन के पास देश के परमाणु हथियारों की सुरक्षा और रखरखाव के लिए सिर्फ आठ दिन का फंड बचा है। अमेरिकी ऊर्जा विभाग के सचिव क्रिस राइट ने चेतावनी देते हुए कहा, 'आठ और दिनों का फंडिंग, उसके बाद हमें आपातकालीन बंदी प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ेगा, जो देश की सुरक्षा को जोखिम में डाल देगा।' राइट ने एक इंटरव्यू में कहा कि फंड खत्म होने पर को स्टाफ कम करना पड़ेगा। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के बीच फंडिंग बिल पर सहमति न बन पाने के कारण 1 अक्टूबर से शटडाउन शुरू हो गया था। ऊर्जा विभाग की हालिया शटडाउन योजना के अनुसार, कुल मिलाकर, डीओई के 60% कर्मचारियों को बिना वेतन छुट्टी पर भेजा जा सकता है। हालांकि, वे कर्मचारी बने रहेंगे जो 'क्रिटिकल कंट्रोल ऑपरेशंस सिस्टम' चलाते हैं, जैसे कि न्यूक्लियर मटेरियल वाले सिस्टमों का रखरखाव या यूनिक उपकरणों की मॉनिटरिंग। इसके अलावा, परमाणु हथियारों के प्रसार रोकने वाले कामों पर तैनात स्टाफ भी काम पर बने रहेंगे। योजना में शामिल होने वाले कर्मचारियों की सटीक संख्या का जिक्र नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शुक्रवार को लगातार चौथी बार फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए थे। इस वजह से देश में लगातार 5वें दिन भी शटडाउन जारी है। संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के फंडिंग बिल को 54 वोट मिले, जबकि इसे 60 वोट की जरूरत थी। दरअसल, डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि कोविड के समय दी गई टैक्स क्रेडिट्स (हेल्थ केयर सब्सिडी) बढ़ाई जाए। जिससे लाखों अमेरिकियों को सस्ता स्वास्थ्य बीमा मिल सके। अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था। यहां, सरकारी संस्थान फिलहाल बंद हैं। एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स (निचला सदन) में भी अगले हफ्ते की सभी वोटिंग 14 अक्टूबर तक के लिए रद्द हो चुकी है। यानी अब अमेरिका में 14 अक्टूबर तक शटडाउन जारी रहने की आशंका है। वहीं, अमेरिकी सरकार ने करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्?टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है।



## फरमान हत्याकांड में अंधेरे में तीर चला रही पुलिस

**मीरापुर, 05 अक्टूबर (बु.)।** करीब तीन सप्ताह पूर्व दुकान पर सो रहे युवक फरमान की हत्या का खुलासा पुलिस अभी तक नहीं कर सकी है। मृतक के परिजन हत्याकांड के खुलासे की मांग को लेकर थाने के कई बार चक्कर लगा चुके हैं। पुलिस मामले में अंधेरे में तीर चला रही है। गांव गढ़ी मुझेड़ा निवासी फरमान पुत्र इकबाल का 16 सितम्बर को बलीपुरा में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग स्थित उसकी दुकान पर गोली लगा शव मिला था। मृतक के पिता ने फरमान की हत्या किए जाने की बात कहते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त घटना के तीन सप्ताह बाद भी पुलिस हत्यारों को पकड़ने में असफल है। मृतक फरमान के परिजन हत्याकांड के खुलासे की मांग को लेकर लगातार थाने के चक्कर लगा रहे है, किन्तु पुलिस उक्त मामले में अभी तक कुछ स्थिति स्पष्ट नहीं कर पा रही है। पुलिस हत्याकांड के खुलासे में अभी तक शून्य नजर आ रही है। पुलिस उक्त मामले में अंधेरे में ही तीर चला रही है। दूसरी तरफ कुछ दिन पूर्व मुठभेड़ में मारे गए एक लाख के इनामी नईम के जनाजे में हुई फायरिंग व पिस्टल लहराने के मामले में भी पुलिस कोई गिरफ्तारी नहीं कर सकी है। चर्चा है कि पुलिस उक्त मामले में अपने एक मुखबिर को बचाने का प्रयास कर रही है।

## महिला को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने में सहयोग करने वाला आरोपित गिरफ्तार



**चरथावल, 05 अक्टूबर (बु.)।** ग्राम-मुथरा बिरालसी तिराहे पर थानाभवन रोड से पुलिस ने महिला को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने में सहयोग करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना-क्षेत्र के गांव निवासी द्वारा दर्ज कराए मुकदमे में बताया गया था कि पांच सितंबर को वह खेल-खिलौने बेचने मेले में गया था। परिवार के अन्य लोग भी रिश्तेदारी में गये हुए थे। आरोप है कि गांव मुथरा निवासी जाबिर उसकी 36 वर्षीया पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। महिला को भगा ले जाने में अब्दुल्ला नामक युवक द्वारा सहयोग किया गया था। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि महिला को भगा ले जाने में सहयोग करने का आरोपित कहीं जाने की फिराक में ग्राम बिरालसी तिराहे थानाभवन रोड पर खड़ा है। सूचना पर हिंडन चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने टीम के साथ घेरा बंदी करके आरोपित अब्दुल्ला पुत्र सलीम अहमद निवासी कस्बा व थाना बेहट सहारनपुर हाल पता मौहल्ला गुलाबी बाग थाना टिब्बारोड लुधियाना पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है।

# शाहपुर में आरएसएस के पथ संचलन का दर्जनों स्थानों पर सपनों सरीखा स्वागत

**शाहपुर, 05 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने संघ के शताब्दी वर्ष व विजयदशमी पर्व पर पथ संचलन निकाला। स्वामी यशवीर महाराज व नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल ने भी संघ कार्यकर्ताओं पर फूल बरसाए। इसके अलावा दर्जनों स्थानों पर पथ संचलन का सपनों सरीखा स्वागत किया गया। कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने संघ के शताब्दी वर्ष व विजयदशमी पर्व पर निकाले गए पथ संचालन कार्यक्रम से पूर्व भारतीय किसान संघ के विभाग संगठन मंत्री रामपाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान में अमूल्य योगदान दिया है। संघ ने समाज में सेवा, संगठन और राष्ट्र प्रेम की भावना को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि संघ ने देश की युवा पीढ़ी में अनुशासन, संस्कार और समर्पण की भावना विकसित की है, जो भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात स्वयंसेवको ने संघ की प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृ भूमे का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह संदीप बंसल ने किया, जबकि मुख्य शिक्षक अनमोल बंसल रहे। पथ संचलन शाहपुर कन्या इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर मेन रोड, मेन बाजार, मौहल्ला सैनियान, मालदा बाग आदि से होता हुआ वापस कॉलेज प्रांगण पर ही संपन्न हुआ। यशवीर आश्रम योग साधना केंद्र बघरा के संस्थापक स्वामी यशवीर महाराज व अन्य कस्बेवासियों ने विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पथ संचलन में विभाग संघ चालक डॉ. हरवीर आर्य, खंड संघ चालक मदन सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल भाई जी, सेवा भारती के खंड प्रमुख विजय बंसल, भाजपा नेता यशपाल बालियान, पूर्व नगर कार्यवाह मणिकांत मित्तल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, समाजसेवी प्रदीप पाल, कपिल सैनी, मोनू सैनी प्रधान, अजय गोयल, मनोज सिंघल, नवदीप मित्तल, देवशरण त्यागी, सुबोध गौतम, वरुण चौधरी, अमन मित्तल व ऋतिक ठाकुर, दर्शित मित्तल, कुंज मित्तल आदि सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे।









# ओडिशा के कटक में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान सांप्रदायिक झड़प, पथराव में डीसीपी समेत कई घायल

**कटक, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** ओडिशा के कटक में दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा के दौरान शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात दो समूहों के बीच झड़प में पुलिस उपायुक्त ऋषिकेश खिलारी सहित छह लोग घायल हो गए। कटक पुलिस ने इस बात की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना दरगाहबाजार क्षेत्र के हाटीपोखरी के पास शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात करीब दो बजे हुई, जब शोभायात्रा काथाजोड़ी नदी के किनारे देवीगड़ा की ओर तेज आवाज में संगीत बजाते हुए जा रही थी, जिस पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई। पुलिस आयुक्त एस. देव दत्त सिंह ने बताया कि हिंसा के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, ह्यगिरफ्तार किए गए लोग पथराव में शामिल थे और उनकी पहचान सीसीटीवी फुटेज के जरिए की गई।ह्लअधिकारियों ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान तेज आवाज में संगीत बजाने पर स्थानीय लोगों की ओर से आपत्ति जताई गई और इससे विवाद हो गया। कुछ ही देर में दोनों समूहों ने एक-दूसरे पर पत्थराव किया और कांच की बोतलें फेंकनी शुरू कर दीं, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को भीड़ पर लाठीचार्ज करना पड़ा। पुलिस ने बताया कि एक और शोभायात्रा जब उस क्षेत्र में पहुंची तो तनाव फिर से भड़क उठा। स्थिति से निपटने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को बुलाया गया और भारी सुरक्षा के बीच सुबह करीब छह बजे विसर्जन शोभायात्रा फिर से निकाली गई। पुलिस ने बताया कि इस घटना के कारण दुर्गा मूर्तियों को विसर्जन के लिए ले जा रहे विभिन्न समूहों के 50 अलग-अलग वाहन चार घंटे तक फंसे रहे। सिंह ने बताया कि सुबह 10 बजे तक देवी दुर्गा की 120 मूर्तियां विसर्जित की गई। अधिकारियों ने बताया कि गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी दिल्ली से स्थिति पर नजर रख रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार पुलिस महानिदेशक वाईबी खुरानिया ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि झड़प में घायल खिलारी की हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## स्वास्थ्य मेले में 113 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**जानसठ, 05 अक्टूबर (बु.)।** सीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जुन सिंह की देखरेख में क्षेत्र के गांव सिखेड़ा, राजपुर कलां, मीरापुर, रामराज में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने 113 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उनको दवाई का वितरण किया। इस दौरान पीएचपी स्टाफ द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी गई तथा सामग्री वितरित की। एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए। 40 मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी स्वास्थ्य मेले में की गई। इस दौरान डॉ. नदीम, डॉ. सुषमा शर्मा, अब्दुल कलीम, गंभीर, जावेद आदि ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग किया।



## किशोर की हत्या करने का आरोप, थाने पर किया हंगामा

**जानसठ, 05 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे के मौहल्ला गंज में शनिवार को दीपांशु का शव उसके घर के अंदर लटका हुआ मिला था। रविवार को मौहल्ले के लोगों और परिवार के लोगों ने कोतवाली में हंगामा व प्रदर्शन करते हुए उसकी हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने आश्वासन देकर लोगों को शांत किया। कस्बे के मौहल्ला गंज निवासी 17 वर्षीय दीपांशु के माता-पिता की कई वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी। बड़ा भाई बहनों के साथ दिल्ली में रहता है। शनिवार को दीपांशु का घर में फांसी लगा लटका हुआ शव मिला था। रविवार को मौहल्ले के लोगों और परिवार के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में हंगामा प्रदर्शन किया। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पाकिस्तान में एक हफ्ते में दूसरी बार दहली धरती

## - 4.6 की तीव्रता के भूकंप से दहशत

**इस्लामाबाद, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** पाकिस्तान में रविवार शाम को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार करीब सात बजे पर पाकिस्तान में भूकंप आया है। भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 4.6 मापी गई है। भूकंप की गहराई पृथ्वी की सतह से 10 किलोमीटर नीचे थी। इससे पहले बुधवार को कराची में रिक्टर पैमाने पर 3.2 तीव्रता का भूकंप आया था। पाकिस्तान में रविवार शाम आए भूकंप से किसी बड़े नुकसान या किसी हताहत की तत्काल कोई खबर नहीं है। हालांकि इस भूकंप की वजह से लोगों में डर देखा गया। कई इलाकों में भूकंप के बाद लोग घरों से बाहर आ गए। एक के बाद एक भूकंप के झटके आने से भी लोगों में दहशत देखी जा रही है। भूकंप के बाद प्रशासन और एजेंसियां अलर्ट पर हैं। पाकिस्तान में इस हफ्ते में यह दूसरा भूकंप है। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) के अनुसार, 2 अक्टूबर को कराची के पास मलीर से सात किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में 10 किलोमीटर की गहराई पर 3.2 तीव्रता का भूकंप आया था। बीते महीने, 16 सितंबर को 4.5 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों के टकराव क्षेत्र में स्थित होने के कारण पाकिस्तान दुनिया के सबसे अधिक भूकंप-प्रवण देशों में से एक है। यह भूगर्भीय स्थिति इस क्षेत्र को भूकंपीय गतिविधियों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाती है। पाकिस्तान में लगातार भूकंप आते रहे हैं और तबाही की वजह बनते हैं। पाकिस्तान में भूकंप के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान शामिल हैं। ये क्षेत्र मेन सेंट्रल थ्रस्ट जैसी प्रमुख फॉल्ट लाइनों के पास स्थित हैं। पाकिसतान का पंजाब और सिंध भी अपनी टेक्टोनिक स्थिति के कारण संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल किए जाते हैं।




# वांगचुक ने की केंद्र सरकार से मांग, लेह हिंसा की न्यायिक जांच हो

**लेह, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** सोनम वांगचुक ने लेह हिंसा के दौरान हुई 4 लोगों की मौत की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने जोधपुर सेंट्रल जेल से एक पत्र लिखा है, जो रविवार को जारी किया गया। वांगचुक ने लिखा- जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई, उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों और गिरफ्तार लोगों के लिए प्रार्थना करता हूं। 4 लोगों की मौत की जांच एक स्वतंत्र न्यायिक आयोग से होनी चाहिए, जब तक ऐसा नहीं होता, मैं जेल में ही रहूंगा। यह लेटर एडवोकेट मुस्तफा हाजी ने साझा किया है, जो लेह एपेक्स बॉडी के कानूनी सलाहकार हैं। उन्होंने और वांगचुक के भाई भाई त्सेतन दोरजे ले ने 4 अक्टूबर को जेल में वांगचुक से मुलाकात की थी। दरअसल, वांगचुक को 24 सितंबर को लेह हिंसा भड़काने के आरोप में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत 26 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल जोधपुर की जेल में हैं। वांगचुक की रिहाई की मांग को लेकर लगाई गई हेबियस कार्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) याचिका पर 6 अक्टूबर को सुनवाई होगी। वांगचुक ने कहा कि वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हैं और सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने लेटर में और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने लिखा- लद्दाख को राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की हमारी मांग संवैधानिक और न्यायसंगत है। एलएबी जो भी कदम लद्दाख के हित में उठाएगा, मैं उसके साथ पूरी तरह हूं। सुप्रीम कोर्ट में सोनम वांगचुक की रिहाई की मांग को लेकर लगाई गई याचिका पर 6 अक्टूबर को सुनवाई होगी। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी। सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो ने 2 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। गीतांजलि ने अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट में हेबियस कार्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) याचिका दायर की थी। उन्होंने दावा किया था कि उनके पति की गिरफ्तारी अवैध है। आपको बता दें कि हेबियस कार्पस लैटिन भाषा का शब्द है, इसका मतलब होता है- शरीर सामने लाओ। यानी किसी व्यक्ति को गैर-कानूनी ढंग से गिरफ्तार किया है, हिरासत में रखा है, तो अदालत उस व्यक्ति को तुरंत कोर्ट के सामने पेश करने का आदेश दे सकती है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 और 226 के तहत यह अधिकार हर नागरिक को मिला है। कोई भी व्यक्ति, उसका परिवार/दोस्त हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में हेबियस कॉर्पस रिट दायर कर सकता है। आदेश के बाद पुलिस को पूरी जानकारी कोर्ट के सामने रखनी होती है।





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

## सम्पादक की क़लम से

### बिहार में कुछ नये नियमों के साथ चुनाव

बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग ने कहा है कि इससे पहले चुनाव समाप्त करा लिए जाएंगे अर्थात चुनाव की तारीखों की घोषणा कभी भी हो सकती है। इस बार कुछ नये नियमों के साथ मतदान होगा। बिहार चुनाव से कई नयी बातों की शुरूआत की जा रही है जो आने वाले अन्य राज्यों के चुनाव और लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेंगी। इस बार कई नये बदलाव देखने को मिलेंगे। चुनावी पारदर्शिता और मतदाताओं की सुविधा के लिए चुनाव आयोग ने जो फैसले लिए हैं, उनकी शुरूआत बिहार से होने जा रही है। अब ईवीएम में प्रत्याशियों की रंगीन फोटो होगी। एक पोलिंग बूथ पर अधिकतम 1200 वोटर होंगे। बूथ पर वोटिंग प्रक्रिया लाइव होगी। पेपर पर सीरियल नंबर बड़ा होगा। अब वोटर बूथ तक अपना मोबाइल फोन ले जा सकेंगे। बूथ के बाहर मोबाइल जमा कर वोट डाल सकते हैं। बूथ से 100 मीटर की दूरी से हर प्रत्याशी अपने एजेंट को लगा सकते हैं। वन स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म भी बिहार में लागू होगा। अब पोस्टल बैलेट की गिनती ईवीएम के आखिरी दो राउंड से पहले होगी। चुनाव खत्म होने के बाद कितने लोगों ने वोट किया, कितनी महिलाओं ने वोट किया, मतदान कितने प्रतिशत रहा, इसकी जानकारी भी दी जाएगी। चुनाव खत्म होने के कुछ ही दिन में सबको डिजिटल इंडेक्स कार्ड मिल जाएगा। भारतीय निर्वाचन आयोग ने एसआईआर यानी गहन मतदाता पुनरीक्षण के आंकड़े भी जारी कर दिए हैं। बिहार में अब 7.42 करोड़ मतदाता हैं। कल मुख्य चुनाव आयुक्त की पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बिहार में सफलता के साथ एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हुई है। बिहार में कुछ महीने पहले चुनाव आयोग ने एसआईआर शुरू किया था। इसकी टाइमिंग को लेकर विपक्षी दलों ने कई सवाल उठाए थे, एक आंदोलन तक खड़ा कर दिया। सुप्रीम कोर्ट भी चले गये, बड़े-बड़े वकीलों ने प्रक्रिया को रुकवाने के लिए कई दलीलें दी, लेकिन कोर्ट ने एसआईआर पर रोक लगाने से मना कर दिया। चुनाव आयोग ने इस प्रक्रिया को वोटर लिस्ट को शुद्ध करने की प्रक्रिया करार दिया। आधार कार्ड से जुड़े एक सवाल के जवाब में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के कई आदेशों के अनुसार, आधार एक्ट के तहत न तो इसे जन्मतिथि का प्रमाण माना जा सकता है, न निवास का, और न ही नागरिकता का। आधार केवल पहचान का प्रमाण है, नागरिकता या जन्म का नहीं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हम यह मानते हैं कि आधार कार्ड पहचान के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन इसे नागरिकता या जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में नहीं माना जा सकता। आधार एक्ट की धारा-9 में भी साफ लिखा है कि आधार किसी व्यक्ति की नागरिकता या निवास का प्रमाण नहीं है। इसलिए, जो लोग 18 वर्ष से अधिक आयु का प्रमाण देने के लिए केवल आधार कार्ड दिखाते हैं, उनके लिए यह पर्याप्त नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत आधार कार्ड को पहचान-पत्र के रूप में स्वीकार किया जा सकता है, लेकिन पात्रता या आयु से जुड़ी पुष्टि के लिए अन्य दस्तावेजों की भी आवश्यकता होगी। बिहार को सियासी बदलाव के लिए भी जाना जाता है। बिहार ही से महागठबंधन आरम्भ हुआ और नीतीश कुमार ही इसके सूत्रधार थे, लेकिन जल्द ही उन्हें कुछ कड़वे अनुभव हुए और वे महागठबंधन छोड़ कर एनडीए का पुन: अंग बन गए। राज्य में 2020 के चुनाव के बाद एनडीए की सरकार बनी, लेकिन अगस्त 2022 में बीजेपी से रिश्ता तोड़ते हुए नीतीश कुमार ने महागठबंधन का दामन थाम लिया था। उस समय बीजेपी और जेडीयू के रिश्ते इतने तल्ख हो गए थे कि नीतीश कुमार ने ये बयान तक दिया कि वो मरना पसंद करेंगे, लेकिन बीजेपी के साथ कभी नहीं जाएंगे। दूसरी तरफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि नीतीश कुमार के लिए एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो गए हैं, लेकिन जैसा कि राजनीति में होता है, वही हुआ। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन तैयार करने की कोशिश में जुटे चेहरों में नीतीश कुमार अहम नेता माने जा रहे थे, लेकिन जनवरी, 2024 में वो एक बार फिर एनडीए में शामिल हो गए और आरजेडी से अपनी राहें अलग कर लीं। साल 2015 का विधानसभा चुनाव जेडीयू और आरजेडी ने मिलकर लड़ा था और बहुमत हासिल कर सरकार बनाई थी, तब ये गठजोड़ 2017 में टूट गया था। अभी तक न तो एनडीए ने और न ही महागठबंधन ने सीट बंटवारे के आंकड़े जारी किए हैं। दोनों प्रमुख गठबंधनों में सीट शेयरिंग पर अभी बात उलझी हुई लगती है। सीट बंटवारे को लेकर कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। दोनों गठबंधनों में शामिल छोटे दल 'सम्मानजनक सीटों' के लिए अपना दावा पेश कर रहे हैं। नीतीश कुमार की खराब सेहत की खबरों, जेडीयू में उत्तराधिकारी पर अटकलों और प्रशांत किशोर की एंट्री और रह-रह कर चिराग पासवान के चुनाव लड़ने की खबरों से चुनाव और दिलचस्प होता जा रहा है। नीतीश कुमार से अलग होकर अपनी पार्टी बनाने वाले प्रशांत किशोर से जब ये सवाल किया कि उनको कितनी सीटों पर जीत का भरोसा है, तो उनका कहना था कि या तो उनकी पार्टी अर्श पर होगी या फर्श पर। उनकी पार्टी सभी 243 सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेगी और वो बेरोजगारी, पलायन और शिक्षा के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा बिहार में एक और नई पार्टी का उदय हुआ है। तीन महीने पहले लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को उनकी एक फेसबुक पोस्ट के बाद पार्टी से निकाल दिया था। उन्होंने अपनी एक नयी पार्टी बना ली और इसका नाम रखा है जनशक्ति जनता दल। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए यह कहकर मैदान में उतर रही है कि उसने राज्य का हर तरह से विकास किया है और युवाओं को रोजगार देने के साथ-साथ लड़कियों-महिलाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। वहीं, महागठबंधन रोजगार, पेपर लीक सहित एसआईआर को लेकर एनडीए को घेर रही है और युवाओं से सरकारी नौकरियां तथा रोजगार सृजन सहित कई वादे कर रही है। बीजेपी और जेडीयू विपक्षी दलों की बातों को हताशा वाली राजनीति बता रही हैं और उनका आरोप है कि अगर महागठबंधन की सरकार बनी तो राज्य का विकास रुक जाएगा।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'भाषण' 'हिसाब' 'अक़्ल' 'जनाब'

उनके भाषण,जनाब लिखते हो, झूट भी बेहिसाब लिखते हो,
अक़्ल उनको मगर नहीं आती, क्यूँ उन्हें लाजवाब लिखते हो।
उनके चमचों में चापलूसी है,एक ये भी पतन का कारण है,
वो जमानत पे रह रहे बाहर, उनके आगे जनाब लिखते हो।


|| अंतिम यात्रा ||



बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी माता (मौसी)
सरिता देवी पुत्री स्वर्गीय लाला रघुवीर प्रसाद (बाबरी वाले)
का देहांत 05 अक्टूबर, 2025 में हो गया है।
प्रभु की शायद यही इच्छा थी।

अंतिम यात्रा

दिनांक 6 अक्टूबर, 2025 दिन- सोमवार को प्रातः 10:00 बजे,
हमारे निज मकान नंबर 213, दक्षिणी सिविल लाइन,
बुलेटिन वाली गली से शहर नदी श्मशान घाट
के लिए के लिए प्रस्थान करेगी।

-: शोकाकुल परिवार:-

गौरव मित्तल (भांजा) M.:9634091414
अमित अग्रवाल (भतीजा) M.:9634090592


# शिवचौक से मिशन शक्ति एवं साइबर जागरूकता एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मुजफ्फरनगर, 05 अक्टूबर (बु.)।** योगी सरकार की पहल पर यूपी में अपने यौवन की ओर अग्रसर मिशन शक्ति अभियान के बीच महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के साथ सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के पवित्र उद्देश्य से रविवार को जनपद में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय वर्मा, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, एसपी अपराध इन्दु सिद्धार्थ, एएसपी-सीओ सिटी सिद्धार्थ के मिश्रा व सीओ फुगाना रूपाली राव चौधरी ने संयुक्त रूप से शिवचौक से मिशन शक्ति एवं साइबर जागरूकता एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मिशन शक्ति अभियान-5.0 को लेकर शुरू अभियान





के तहत आला अधिकारियों ने बताया कि यह एक्सप्रेस वाहन डिजिटल डिस्प्ले स्क्रीन के माध्यम से मिशन शक्ति और साइबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता संदेश, लघु फिल्में व गाइडलाइन शहरभर में प्रदर्शित करेंगा। उन्होंने कहा कि वाहन के जरिए आमजन को साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन सेवाओं तथा मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 181 महिला सहायता सेवा, 1930 साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन तथा 1098 बाल सहायता हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण नंबरों का प्रचार-प्रसार किया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त बनाना तथा नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के प्रति भी जागरूक करना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से साइबर थाना प्रभारी सुल्तान सिंह, कोतवाली नगर प्रभारी उमेश रोरिया सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।





## धूमधाम से निकली महाराजा अग्रसेन जी की शोभायात्रा

**मुजफ्फरनगर, 05 अक्टूबर (बु.)।** रविवार को महाराजा अग्रसेन वैश्य उत्थान समिति के तत्वाधान में पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी नई मंडी क्षेत्र के मेहता क्लब से महाराज अग्रसेन जी की शोभायात्रा बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ शुरू की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक व मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, दिनेश बंसल, अनिल तायल, अनिल कंसल, श्रीमोहन तायल, रेनू गर्ग, मिथिलेश गर्ग आदि ने संयुक्त रूप से महाराजा अग्रसेन जी की आरती करने के बाद शोभायात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा का संचालन राजीव गोयल प्रदेश अध्यक्ष, आलोक अग्रवाल प्रदेश महामंत्री, विपिन गोयल प्रदेश कोषाध्यक्ष, अनुज गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, कुलदीप मित्तल, राजेंद्र तायल, संजीव अग्रवाल, योगेश गुप्ता, मुकेश प्रधान, अजय गुप्ता आदि ने किया। रविवार को निकली शोभायात्रा नई मंडी के मुख्य मार्गों से होते हुए भोपा पुल, मालवीय चौक, अंसारी रोड, सर्राफा बाजार, मोती महल, भगत सिंह रोड और शिवचौक होते हुए बाद में टाउनहाल मैदान में पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान कई स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया

## योगीराज में भी दबँगों द्वारा किया जाता है जमीन पर कब्जा



पीड़ित किसान रागिब

**चरथावल, 05 अक्टूबर (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र के गांव दधेडू खुर्द निवासी ने जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए आलाधिकारियों के यहां गुहार लगाई है। पीड़ित किसान दधेडूखुर्द निवासी रागिब ने अपने परिवार के ही मुस्तकीम पर अपनी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। रागिब का कहना है कि जब उसकी जमीन का दाखिल-खारिज भी हो चुका है और वह कानूनन रूप से जमीन का वास्तविक मालिक है, लेकिन उसके बाद भी उसके गांव का ही मुस्तकीम उसे उसकी जमीन पर कब्जा नहीं दे रहा है और दाखिल-खारिज होने के बाद जब सभी कागज उसके हक में बोल रहे है, जिसके बाद आज रागिब द्वारा अपनी जमीन पर खाद आदि डालने के लिए गया, तो मुस्तकीम ने रागिब के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट भी कर दी, जिसके बाद पीड़ित रागिब द्वारा क्षेत्रीय चौकी पर गुहार लगाई, लेकिन दारोगा द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गयी। फिर पीड़ित रागिब ने पुलिस के आलाधिकारियो से गुहार लगाई है और पीड़ित ने दबँग से अपनी जान को खतरा और जमीन कब्जामुक्त करने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने योगी सरकार में भी जमीन माफियाओ के हौंसले बुलंद होने का आरोप लगाते हुए अपनी जमीन को दबँग से कब्जा मुक्त करने की मांग की है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

**जानसठ, 05 अक्टूबर (बु.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जानसठ के स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में कस्बे के मुख्य मार्गों पर पथ संचलन निकाला। पथ संचलन के दौरान कस्बे में जगह जगह स्वयंसेवकों पर कस्बे वासियों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में ब्लॉक परिसर में पहुंचे, वहां पर उन्हें प्रांत संघचालक प्रेमचन्द ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सन 1925 में विजयदशमी पर हुई थी। विजयदशमी पर संघ की स्थापना को 100 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। संघ की स्थापना विजयदशमी पर ही क्यों हुई, इसके बारे में उन्होंने बताया कि विजयदशमी उत्सव शक्ति और शौर्य का प्रतीक है, जिसके कारण विजयदशमी पर स्वयंसेवक संघ की स्थापना की गई। आज के समय में भी हिंदू समाज को अपने शक्ति और शौर्य को प्रकट करने की आवश्यकता है। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन ब्लॉक परिसर से किल्ली दरवाजा, मुला वाला कुआं, गढ़ी तिराहा, मौहल्ला मंगल, शिवजी मूर्ति से वापस मूलावाला कुआं से बाल्मीकि बस्ती, छाबड़ा कॉलोनी से ब्लॉक परिसर के सामने से होते हुए दक्षिणी सिविल लाइन से पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित काले गेट से होकर वापस ब्लॉक परिसर में जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. गोपाल, जिले से हितेष कुमार, अभिषेक कुमार खंड संघचालक अजय कुमार, खंड कारवां गौरव जैन, सहखंड कारवां विशाल, बौद्धिक प्रमुख सत्येन्द्र व अंकुर, व्यवस्था प्रमुख मनोज, प्रचार प्रमुख नवीन, शशिकांत, नेत्रपाल कश्यप, रजनीश सैनी, यनेश तंवर, श्रेष्ठ, हार्दिक, वैभव, मुकेश शर्मा, सन्नी, पोपींदर, अवनीश, सचिन, आशु, अश्वनी, अनुज आदि मौजूद रहे।

## ऑस्ट्रेलिया से 3 बड़ी डिफेंस डील पर निगाहें, राजनाथ सिंह का माना जा रहा है यह दौरा मास्टरस्ट्रोक

**नई दिल्ली, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए तीन समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 9-10 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान इंफॉर्मेशन शेयरिंग, समुद्री सुरक्षा और संयुक्त सैन्य गतिविधियों से जुड़े समझौते किए जाएंगे। यह यात्रा एक ऐतिहासिक क्षण में हो रही है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अपनी 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' के पांच साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। राजनाथ सिंह ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ कई महत्वपूर्ण चर्चाएं करेंगे। वे सिडनी में उद्योग जगत के नेताओं के साथ एक व्यापार गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता भी करेंगे। इस



यात्रा का मुख्य उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों और रक्षा साझेदारी को मजबूत करने के लिए नए और सार्थक कदम खोजना है। दोनों देश एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता पर जोर देते हैं। यह प्रतिबद्धता चीन की आक्रामक और विस्तारवादी नीतियों को ध्यान में रखते हुए और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। समय के साथ रक्षा संबंधी जुड़ाव काफी बढ़ा है। इसमें सेवाओं के बीच व्यापक बातचीत शामिल है। सैन्य-से-सैन्य आदान-प्रदान भी होते हैं। उच्च-स्तरीय दौरे, क्षमता-निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी इसका हिस्सा हैं। समुद्री क्षेत्र में सहयोग और संयुक्त युद्ध अभ्यास भी इसमें शामिल हैं। इस साल जून में राजनाथ सिंह और मार्लेस के बीच एक बैठक हुई थी। उस बैठक में दोनों पक्षों ने रक्षा-औद्योगिक सहयोग को तेज और विविध बनाने का फैसला किया था। उन्होंने एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक के लिए मिलकर काम करने का भी निर्णय लिया था। इस पर उनकी नजर चीन की आक्रामक और विस्तारवादी नीतियों पर टिकी हुई थी।

## राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति का सम्मेलन संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 05 अक्टूबर (बु.)।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति की ओर से रविवार को एक सम्मेलन राधिकापुरम, पचेंडा रोड स्थित उपाध्याय धर्मशाला में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता समिति के प्रदेश संरक्षक नकली राम व ओमप्रकाश उपाध्याय ने की। कार्यक्रम के अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गेश सिंह सेंगर रहे। संचालन नरेन्द्र उपाध्याय ने किया। सम्मेलन में राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल और जिला स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा सभी के कार्यों की समीक्षा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गेश सिंह सेंगर ने संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने नरेन्द्र कुमार उपाध्याय के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें उत्तर प्रदेश संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं प्रदेश संयुक्त सचिव नरेन्द्र कुमार उपाध्याय ने फहीम मलिक जिला अध्यक्ष बिजनौर को मंडलाध्यक्ष मुरादाबाद नियुक्त किया।



सभा में राष्ट्रीय महासचिव चंद्र किरण (पंचायत राज मंत्री) ने समिति को मजबूत करने के लिए अपने विचार रखे। वहीं राजकुमार शर्मा व फहीम मलिक व राहुल शर्मा ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यक्रम में गाजियाबाद, मोदीनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, बुलंदशहर व सहारनपुर की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार उपाध्याय की टीम ने भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराकर जिले का गौरव बढ़ाया। नवमनोनीत प्रदेश संयुक्त सचिव नरेन्द्र कुमार उपाध्याय ने घोषणा की कि आगामी बैठकें सहारनपुर और रुड़की में आयोजित होंगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित समस्त राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों ने नरेन्द्र उपाध्याय व उनकी पूरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया और अनुशासित कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज, सभासद बोबी सिंह, मा. सोहनबीर सिंह, रविन्द्र उपाध्याय, अनिल लुहारी, गोपाल शर्मा, नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।


NATIONAL MODERN JUNIOR HIGH SCHOOL
Muzaffarnagar

Requires:- Female Teacher
to Teach Maths And
Science in Junior Classes

You may contact at office
With Your academic records
from 9:00 am to 1:00 pm.

Contact No. 8791130889 Principal


## मैच रेफरी की गलती से भारत हारा टॉस, विमेंस वर्ल्ड कप मैच में पाकिस्तानी कप्तान ने टेल्स कहा, सिक्का हेड्स गिरा



**कोलंबो, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** विमेंस वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में रेफरी की गलती की वजह से भारतीय टीम टॉस हार गई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सिक्का उछाला, तो पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने टेल्स कहा। सिक्का जमीन पर हेड्स गिरा। साउथ अफ्रीका की मैच रेफरी शांद्रे फ्रिट्ज गलती से सना की कॉल को हेड्स सुन लिया था। उन्होंने पाकिस्तान को टॉस की विजेता घोषित किया। इसके बाद सना ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उस समय भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस फैसले पर कोई आपत्ति नहीं जताई। वर्ल्ड कप के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने टॉस का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। टॉस के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया। इससे पहले मेंस एशिया कप में भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाया था। भारतीय टीम ने पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से भी इनकार कर दिया था। इससे टीम को चैंपियन बनने के बाद भी बिना ट्रॉफी के लौटना पड़ा था। आईसीसी इवेंट्स में टॉस को लेकर गफलत पहले भी हुई है। 2011 मेंस वर्ल्ड कप फाइनल में दो बार टॉस हुआ था। भारत-श्रीलंका के बीच खेले गए उस मैच में एमएस धोनी ने सिक्के को उछाला। कुमार संगाकारा ने हेड्स कॉल किया। सिक्का हेड्स ही गिरा। हालांकि, मैच रेफरी जेफ क्रो ने इस कॉल को नहीं सुना, क्योंकि फैंस की आवाज बहुत ज्यादा तेज थी। ऐसे में दोनों कप्तान फिर से टॉस के लिए राजी हुए और दोबारा टॉस किया गया, जब दूसरी बार टॉस हुआ तब भी संगाकारा ने इस बार भी हेड्स बोला और हेड ही आया। उन्होंने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। बाद में मैच को भारत ने जीता था। भारतीय महिला टीम ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में जीत से शुरूआत की। टीम ने 30 सितंबर को ओपनिंग मैच में श्रीलंका को 59 रन से हराया। गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में 271 रन चेज कर रही श्रीलंकाई टीम 45.4 ओवर में 211 रन पर ऑलआउट हो गई। दीप्ति शर्मा प्लेयर ऑफ द मैच रही। उन्होंने 53 रन बनाए। 3 विकेट भी झटके।

## सुबह पत्नी की मौत, कुछ ही घंटे में पति ने भी तोड़ा दम, एक साथ उठी दोनों की अर्थी



**झांसी, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** यूपी के झांसी जिले के गरौठा कस्बे में एक परिवार में सुबह पत्नी की मौत हुई और कुछ ही घंटे बाद पति की मौत हो गई। दोनों की एक साथ अर्थी उठी और एक ही साथ अंतिम संस्कार किया गया। पति-पत्नी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कस्बे के हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। एक ही दिन में पति और पत्नी की हुई मौत पूरे कस्बे में चर्चा का विषय बनी हुई है। झांसी जिले के गरौठा कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारी राम रतन गुप्ता मूल रूप से हमीरपुर जिले के राठ क्षेत्र के रहने वाले थे और तकरीबन 60 साल पहले आकर झांसी के गरौठा कस्बे में अपना निवास बनाया। मेहनत करके छोटी सी दुकानदारी शुरू की और मेहनत करके क्षेत्र में अपना बड़ा व्यवसाय स्थापित किया। स्थानीय लोगों के बीच उनके मिलनसार स्वभाव की काफी चर्चा थी। उनकी धर्मपत्नी रामदेवी गुप्ता की उम्र करीब 70 वर्ष थी। शनिवार सुबह अचानक रामदेवी की तबीयत खराब हुई और मौत हो गई। मृतका रामदेवी का एक बेटा झांसी के बाहर रहता था। अंतिम संस्कार के लिए उसी के आने का इंतजार किया जा रहा था। इसी बीच कुछ घंटे के अंतराल पर पत्नी की मौत के गम में 75 वर्षीय राम रतन गुप्ता की तबीयत बिगड़ गई और उन्होंने भी अपने प्राण त्याग दिए। दोनों की मौत के बाद दुखी माहौल में एक साथ दोनों की अर्थी उठी और कस्बे के लोगों की मौजूदगी में शवयात्रा शमशान घाट पहुंची। दोनों का एक साथ बेटों ने दाह संस्कार किया।

## राज्य कर विभाग में परफॉर्मेंस ही तैनाती का आधार : योगी आदित्यनाथ

### - भ्रष्ट और कमजोर अधिकारी होंगे बाहर' सीएम योगी के सख्त निर्देश

**लखनऊ, 05 अक्तूबर (एजेंसी)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य कर विभाग में तैनाती का आधार केवल ह्यपरफॉर्मेंसह्व होगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि फील्ड में वही अधिकारी तैनात किए जाएं जो लक्ष्य प्राप्ति के प्रति प्रतिबद्ध हों और जिनकी छवि पूरी तरह साफ हो। मुख्यमंत्री रविवार को राज्य कर विभाग की राजस्व प्राप्तियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोनल अधिकारियों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी के ह्यनेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्मह्व के बाद बाजार में तेजी देखी जा रही है और आने वाले महीनों में इसके सकारात्मक परिणाम निश्चित रूप से दिखाई देंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि धनतेरस और दीपावली के अवसरों पर अनावश्यक जांच अथवा छापेमारी की कार्रवाई से बचा जाए। व्यापारियों और उद्यमियों के उत्पीड़न की शिकायत कहीं से भी नहीं आनी चाहिए। बैठक के दौरान जोनवार समीक्षा में अवगत कराया गया कि बरेली (64.2%), सहारनपुर (63.7%), मेरठ (63.0%), गोरखपुर (62.5%) और झांसी (62.1%) जैसे जोनों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा है। वहीं कुछ जोनों में लक्ष्य पूर्ति 55 से 58 प्रतिशत के बीच रही, जहां सुधार की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने वाराणसी प्रथम व द्वितीय, गोरखपुर, प्रयागराज, अयोध्या, लखनऊ प्रथम व द्वितीय, कानपुर प्रथम व द्वितीय, इटावा, झांसी, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद प्रथम व द्वितीय, गौतमबुद्ध नगर और सहारनपुर सहित सभी जोनों की संभागवार और खंडवार समीक्षा की। उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों से कहा कि 50 प्रतिशत से कम राजस्व संग्रह वाले खंडों की स्थिति का कारण स्पष्ट करें और सुधार की कार्ययोजना तत्काल तैयार करें। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि बरेली, झांसी और कानपुर प्रथम जोन में कोई भी खंड 50 प्रतिशत से कम संग्रह वाला नहीं है, जो संतोषजनक है। वहीं, असंतोषजनक प्रदर्शन करने वालों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वृद्धि राज्य की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति का संकल्प लेकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मार्केट मैपिंग करें, सामान्य रूप से बाजार में जाएं, व्यापारियों से मिलें और उनकी अपेक्षाओं को



समझें। मुख्यमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि मंडी शुल्क में कमी से किसानों को राहत और राजस्व में वृद्धि दोनों हुई हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि पारदर्शी और सरल कर प्रणाली हमेशा लाभकारी होती है। उन्होंने व्यापारियों से संवाद बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकरण बढ़ाने और समय से रिटर्न फाइल कराने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सितम्बर माह तक राज्य कर विभाग को कुल 55,000 करोड़ की प्राप्ति हुई है। इसमें 40,000 करोड़ जीएसटी तथा 15,000 करोड़ वैट/नॉन-जीएसटी से प्राप्त हुए हैं। गत वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 55,136.29 करोड़ की प्राप्ति हुई थी। चालू वित्तीय वर्ष के लिए राज्य कर विभाग को 1.75 लाख करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष के 1,56,982 करोड़ की तुलना में लगभग 18,700 करोड़ अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय जीएसटी संग्रह में अग्रणी योगदान देना चाहिए।

### खंडन

मुजफ्फरनगर बुलेटिन के पाठकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 5 अक्तूबर 2025 के संस्करण में पृष्ठ क्रमांक-2 पर उत्तर प्रदेश में बदले गए 42 जिला जज, वीरेंद्र कुमार सिंह मुजफ्फरनगर जिला जज बने वाले समाचार में गलती से खबर के अंदर वीरेंद्र कुमार सिंह के नाम के स्थान पर संतोष राय का नाम प्रकाशित हो गया था। इसका मुजफ्फरनगर बुलेटिन खंडन करता है। अतः सुनिश्चित करता है कि भविष्य में ऐसी त्रुटि दोबारा नहीं होगी। - सम्पादक


|| श्री महावीराय नमः ||



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी
पूज्य माताजी श्रीमती विमला देवी जैन, पत्नी
स्वर्गीय प्रोफेसर श्री आर. एस. जैन जी का आकस्मिक निधन
दिनांक 01 अक्टूबर 2025 को हो गया है।
वीर प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगड़ी दिन- सोमवार, 6 अक्टूबर 2025, दोपहर
2:00 बजे आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल, जानसठ रोड,
मुजफ्फरनगर पर होनी निश्चित हुई है।

शोकाकुल परिवार

अनिल जैन - सरिता जैन (पुत्र-पुत्रवधू)
पंकज कुमार जैन - नीरू जैन (पुत्र-पुत्रवधू)
दीपक कुमार जैन - शालू जैन (पुत्र-पुत्रवधू)
मिनाक्षी जैन - पंकज जैन (पुत्री-दामाद)
अर्चित जैन - सृष्टि जैन (पौत्र-पौत्रवधू)
अतिशय जैन - श्रेया जैन (पौत्र-पौत्रवधू)
सम्यक जैन (पौत्र)
अनुष्का जैन (पौत्री)
रोहित जैन - सौम्या जैन (पौत्र-पौत्रवधू)
राहुल जैन -आस्था जैन (पौत्र-पौत्रवधू)
प्रणव जैन- सोनाली जैन (धेवता-धेवतावधू)
प्रियांक जैन - आकांक्षा जैन (धेवता-धेवतावधू)
ज़ोई, काव्या, रूही, निखिल, आदिनाथ, आर्या, ईवा, थिया (प्रपौत्र / प्रपौत्री)

- प्रतिष्ठान -
G.K. Chemicals Industries Pvt. Ltd.
निवास:- 861/3/1, अम्बा विहार, मुजफ्फरनगर
Mo. 9927103131,9837351015

# संदिग्ध अवस्था में झुलसी किशोरी की मौत से मचा हड़कंप

**भोपा, 05 अक्टूबर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव नंगला बुजुर्ग मे संदिग्ध अवस्था में झुलसी एक बालिका ने उपचार के बाद दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम और भोपा पुलिस ने ग्रामीणों से घटना के संबंध में जानकारी की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव नंगला बुजुर्ग में रविवार की सुबह एक तेरह वर्षीया बालिका सुमैया अज्ञात कारणों से आग में झुलस गयी, जिसके बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए ककरौली क्षेत्र के गांव गंगदासपुर में एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत चलते उसे मेरठ रेफर किया गया। देर शाम मेरठ में उपचार के दौरान बालिका की दुखद मौत



हो गयी। घटना की सूचना क्षेत्र में फैलते ही बाल कल्याण समिति की मजिस्ट्रेट पिंकी रानी, जिला विधिक गौरव मलिक, समिति सदस्य संदीप राठी भोपा पुलिस के साथ गांव में पहुंचे और बालिका के घर जाकर मामले की पूछताछ की। गौरव मलिक ने बताया कि परिजनों द्वारा प्रताड़ना से तंग आकर बालिका के द्वारा आत्महत्या के प्रयास की सूचना मिली थी। घर पर माता पिता नहीं मिले हैं, पड़ोसी के अनुसार बालिका गैस के चूल्हे पर चाय बना रही थी। अज्ञात कारण से आग लग गयी, जिसमें बालिका झुलस गयी। बालिका की मौत से मृतका के माता पिता, दो भाईयों और तीन बहनों का रो-रोकर बुरा हाल हैं। किशोरी की मौत के बाद गांव में कई प्रकार की चर्चाएं व्याप्त हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार ने बताया की आग में झुलसने से किशोरी की मौत की सूचना मिली है। पोस्टमार्टम के बाद अग्रिम विधिक जांच की जायेगी।

# पुलिस मुठभेड़ में लुटेरा घायल, साथी भी दबोचा

**मुजफ्फरनगर, 05 अक्तूबर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली पुलिस की देर शाम भोपा रोड पर रजवाहे के पास बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके साथी को पुलिस ने कांबिंग के दौरान दबोच लिया। गिरफ्तार बदमाशों ने कुछ दिन पहले शांतिनगर गेट पर एक महिला से पर्स लूटा था। पुलिस ने बदमाशों से नगदी दो तमंचे व बाइक बरामद की है। देर शाम नई मंडी कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि भोपा रोड पर रजवाहे के पास दो बदमाश बाइक लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की



फिराक में खड़े हैं। नई मंडी कोतवाली प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बदमाशों की घेराबंदी की। अचानक बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में बदमाश फरमान पुत्र मोहम्मद मियां निवासी किदवई नगर घायल हो गया, जबकि उसके फरार साथी फरमान पुत्र अनीश निवासी किदवईनगर को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाशों से पुलिस ने दो तमंचे, 1200 रुपए की नगदी व घटना में प्रयुक्त अपाचे बाइक बरामद की है। घायल बदमाश को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। थाना प्रभारी ने कि गिरफ्तार बदमाशों ने लगभग 20 दिन पहले शांतिनगर

# बुलढाना में देवी विसर्जन जुलूस पर पत्थरबाजी, 20 से अधिक लोग घायल, मूर्तियां भी खंडित

**मुंबई, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के बुलढाना जिले के बावनबीर गांव में 4 अक्टूबर की शाम करीब 8 बजे देवी की मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान पत्थरबाजी का मामला सामने आया है। जुलूस में शामिल लोगों पर अचानक पत्थरबाजी हुई, जिससे 20 से 25 लोग घायल हो गए। मूर्ति भी इस दौरान खंडित हो गई। फिलहाल गांव में पुलिस का कड़ा बंदोबस्त है और भारी पुलिसबल तैनात कर शांति बनाए रखी जा रही है।

पुलिस के अनुसार, यह जुलूस हर साल आयोजित होता है और इस बार भी उत्सव का माहौल था। मूर्ति विसर्जन के दौरान रास्ते में खड़ी बाइक को हटाने को लेकर जुलूस और कुछ लोगों के बीच बहस हुई। बहस के बाद विवाद बढ़ा और पत्थरबाजी शुरू हो गई। घटनास्थल पर मौजूद लोगों और पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया। बावनबीर पुलिस ने बताया कि मामले की जांच कई एंगल से की जा रही है। घटना की सीसीटीवी फुटेज और विभिन्न स्रोतों से जांच



करके कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव में तनाव फैलने से पहले ही स्थिति को नियंत्रित किया। घायल लोगों का सरकारी अस्पताल में इलाज जारी है और किसी की स्थिति गंभीर नहीं बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने मूर्ति का विसर्जन आज सुबह शांति से करवाया। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और शांतिपूर्वक रहें। बावनबीर गांव में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और प्रशासन लगातार निगरानी रखे हुए है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इस तरह की घटनाएँ भविष्य में नहीं होंगी और उत्सव पूर्ववत शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाएंगे।

# जालंधर से दिल्ली जाने वाली ट्रेन के बंद होने से यात्री हो रहे हैं परेशान, तीन जिले सबसे ज्यादा है प्रभावित

**मुजफ्फरनगर, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** रेलवे की ओर से एक आदेश दो दिन पहले ही जारी किया गया है। जिसमें सहारनपुर से दिल्ली जाने वाली 16 ट्रेनों को कोहरे और धुंध के कारण कुछ समय के लिये बंद करने के आदेश दिये गये हैं। इन ट्रेनों में से दो मुजफ्फरनगर से होकर भी गुजरती हैं। दैनिक रेल यात्री संघ की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान को एक पत्र सौंपा गया है, जिसमें बताया गया कि दिल्ली से चलकर जालंधर जाने वाली गाड़ी संख्या 14681 और 14682 जालंधर एक्सप्रेस को रेलवे विभाग द्वारा 1 दिसंबर 2025 से 1 मार्च 2026 तक कोहरे कि वजह से बंद किया जा रहा है। ट्रेन के बंद होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर कि जनता को काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। डेली ड्यूटी पर जाने वाले दैनिक यात्री को भी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा।

इसके तहत आग्रह किया गया है कि वैसे तो इस गाड़ी पर कोहरे और धुंध का कोई प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन फिर भी हर बार इसे बिना किसी मतलब के बंद कर दिया गया है, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर के हजारों लोग प्रतिदिन काम हेतु इसी गाड़ी के माध्यम से



आते-जाते हैं। ऐसे में अगर यह गाड़ी बंद होती है तो आम जनता को भी इसका नुकसान होगा। अगर रेलवे विभाग लोगों के नुकसान को रोकना चाहता है, तो इसकी दूरी कम कर-के इसे अंबाला से दिल्ली तक अप-डॉउन में चला सकता है। इससे इस रूट पर आने जाने वाले पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को फायदा रहेगा। संघ के अध्यक्ष घनश्याम भगत ने बताया कि इस गाड़ी को बंद करने का कोई औचित्य नहीं बनता है। लेकिन हर बार इसे समय से पहले ही बंद करने के आदेश दे दिये जाते हैं। उन्होंने बताया कि पहले भी यह मामला हमने रेलवे के समक्ष उठाया है। लोगों की समस्या को हर बार रेलवे की ओर से नजरअंदाज कर दिया जाता है। इसका प्रभाव कहीं ना कहीं सरकार के राजस्व पर भी पड़ता है। कम से कम रेलवे लोगों की नहीं तो सरकार के राजस्व की तो परवाह कर ले। वैसे तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चलने वाली हर गाड़ी यात्रियों पर प्रभाव डालती है। कोई भी गाड़ी बंद होती है, तो इसका नुकसान प्रतिदिन आने-जाने वाले लोगों पर पड़ता है। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ के लोग ज्यादातर रेलवे की सेवा का ही आने जाने में प्रयोग करते हैं। ऐसे में रेलवे और सरकार को लोगों के फायदे और नुकसान का भी ध्यान रखना चाहिये। अगर जनता किसी सेवा पर भरोसा करती है तो यह रेलवे के लिये अच्छी बात है। संजीव बालियान ने आश्वस्त किया कि उक्त गाड़ियों के संचालन के सम्बंध में रेल मंत्री से बात करेंगे।

# गाजियाबाद में बंदी को भगाने की कोशिश, दो सिपाही अरेस्ट, कार से डासना जेल पहुंचे

**गाजियाबाद, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** गाजियाबाद में फर्जी पेशी के लेटर पर एक कैदी को जेल से दो सिपाहियों ने भगाने की कोशिश की। शनिवार देर रात दोनों को अरेस्ट कर लिया गया। दोनों सिपाही शनिवार दोपहर निजी कार से डासना जेल पहुंचे। उन्होंने जेल प्रशासन को बताया- नोएडा में एक बंदी को पेशी पर ले जाना है। उन्होंने पेशी का आदेश भी दिखाया। जवाब में जेल प्रशासन ने कहा- एक नहीं, 6 बंदियों की पेशी का आदेश है। सभी को साथ ही भेजा जाएगा। इस पर दोनों सिपाही सिर्फ एक बंदी को ले जाने पर अड़ गए। यह देखकर जेल प्रशासन को दोनों पर शक हो गया। जांच-पड़ताल की तो पता चला कि पेशी का कोई आदेश ही जारी नहीं हुआ। पोल खुलते ही दोनों सिपाही फरार हो गए। इसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। देर शाम एफआईआर दर्ज कर दोनों सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया। दोनों गाजियाबाद पुलिस लाइन में तैनात थे। गाजियाबाद पुलिस लाइन में तैनात सिपाही सचिन कुमार और राहुल कुमार ने बंदी




को जेल से भगाने का प्लान बनाया था। दोनों सिपाही, बंदी को पेशी पर ले जाने के बहाने उसे भगाने की फिराक में थे। दरअसल, शनिवार को डासना जेल से 6 बंदियों को पेशी के लिए नोएडा ले जाना था। सिपाहियों ने इसी प्लान पर काम करना शुरू किया। शनिवार दोपहर निजी कार से डासना जेल पहुंचे। जेल प्रशासन को पेशी का आदेश दिखाया। कहा- मुझे बंदी वंश को अपने साथ ले जाना है। जेल प्रशासन ने बताया कि 6 बंदियों को पेशी पर ले जाने का आदेश है। एक बंदी को हम नहीं भेज सकते। सभी को एक साथ ही भेजा जाएगा, लेकिन सिपाही सिर्फ एक बंदी वंश को ले जाने पर अड़ गए। मामला जेलर और फिर जेल अधीक्षक तक पहुंचा। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने एसीपी लाइन और डीसीपी को कॉल करके जानकारी दी। अधिकारियों ने जांच कराई तो पता चला कि गाजियाबाद पुलिस लाइन से आज कोई भी सरकारी वाहन बंदियों को लेकर नोएडा की कोर्ट नहीं जा रहा। यही नहीं, गाजियाबाद कोर्ट में जेल से मुल्जिम ले जाने के लिए कोई ड्यूटी भी नहीं लगाई गई।

# दो करोड़ की लूट का मास्टरमाइंड मुठभेड़ में ढेर

- एसपी ग्रामीण अनुज कुमार चौधरी की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी
- इंस्पेक्टर रामगढ़ संजीव कुमार दुबे गोली लगने से घायल हो गए



**मक्खनपुर, 05 अक्टूबर (एजेंसी)।** फिरोजाबाद के मक्खनपुर क्षेत्र में 30 सितंबर को हुई 2 करोड़ रुपये की सनसनीखेज लूट का मास्टरमाइंड नरेश रविवार दोपहर को पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। रात आठ बजे पुलिस ने चैकिंग के दौरान उसे मक्खनपुर क्षेत्र में बाईपास स्थित होटल डीएमआर के पास मुठभेड़ में ढेर कर दिया। डीआईजी आगरा शैलेश पांडेय के स्तर से पुलिस टीम को 50 हजार रुपये का इनाम दिया है। बदमाश नरेश गांव अरनी, खैर, अलीगढ़ का रहने वाला था। उसे पुलिस ने उसके गिरोह के पांच अन्य बदमाशों के साथ शनिवार शाम गिरफ्तार किया था। इनके पास से पुलिस ने 1 करोड़ 5 हजार रुपये की नगदी बरामद की थी। शनिवार देर रात पुलिस नरेश को अलीगढ़ के खैर लेकर गई। वहां उससे 20 लाख रुपये और बरामद किए। इसके बाद नरेश से पूछताछ में लूट की रकम में से कुछ अन्य की बरामदगी कराए जाने के संबंध में और इनपुट मिला था। इस पर पुलिस उसे रविवार दोपहर करीब एक बजे मक्खनपुर के गांव घुनपई के समीप सर्विस रोड किनारे ले जा रही थी। नरेश ने शौच जाने की बात कही। पुलिसकर्मियों ने उसे खेड़ा गणेशपुर के पास गाड़ी से उतार दिया। उसके एक हाथ में हथकड़ी लगी हुई थी, लेकिन वह हाइवे के समीप झाड़ियों में जाने के बाद पांच मिनट तक वापस नहीं लौटा, जब पुलिसकर्मी देखने गए, तो नरेश गायब मिला। लूट के इतने बड़े मामले के मास्टरमाइंड के भागने से पूरे पुलिस महकमे में खलबली मच गई और तुरंत हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पूरे जिले में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। देर शाम आठ बजे उसके बाईपास पर डीएमआर होटल के पास होने की जानकारी पुलिस को लगी। पुलिस के अनुसार वह बीएमआर होटल के पास झाड़ियों में छिपा हुआ था। उसने पुलिस टीम को देखते ही पिस्टल और रिवाल्वर से फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली एसपी ग्रामीण अनुज कुमार चौधरी की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। इंस्पेक्टर रामगढ़ संजीव कुमार दुबे हाथ में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर जाकर घेराबंदी की तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जबावी फायरिंग में उसके सीने में गोली लगी और मौके पर ढेर हो गया। नरेश के फरार होने के बाद पुलिस की एक टीम ने तत्परता दिखाते हुए अन्य पांचों लुटेरे तुषार, दुष्यंत, अक्षय, आशीष उर्फ आशु और मोनू उर्फ मिलाप की कड़ी निगरानी शुरू कर दी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में उनको रिमांड मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उनकी न्यायिक हिरासत मंजूर होते ही पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। कोर्ट में पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी छह के सापेक्ष पांच मुल्जिम इसलिए पेश किए हैं कि एक फरार हो गया है। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि फरार अपराधी नरेश मुठभेड़ में मारा गया है। फरारी के बाद उस पर 50 हजार का इनाम डीआईजी स्तर से घोषित किया गया था, जो कि टीम को दिया जाएगा।

# हापुड़ में दो समुदायों में पथराव, धार्मिक आयोजन के दौरान विवाद, पुलिस ने संभाले हालात

**हापुड़, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** हापुड़ जिले के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के मोहम्मदपुर रुस्तमपुर गांव में देर रात दो समुदायों के बीच विवाद हो गया। एक धार्मिक आयोजन के दौरान हुए इस विवाद में पथराव और मारपीट हुई, जिसमें एक युवक घायल हो गया। सूचना मिलने पर तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर रुस्तमपुर गांव में देवकरण के परिवार में नगरकोट माता की जात के लिए धार्मिक अनुष्ठान चल रहा था। इसी दौरान मुस्लिम समुदाय के कुछ युवक दलित परिवारों के घरों की ओर आ गए। आरोप है कि उन्होंने महिलाओं से अभद्रता की और लोगों के साथ मारपीट व पथराव किया। घटना की जानकारी मिलते ही दो से तीन थानों की पुलिस फोर्स और अधिकारी गांव पहुंचे। पुलिस को देखते ही आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। आक्रोशित दलित परिवारों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। इस दौरान एक मुस्लिम युवक की पिटाई का वीडियो भी वायरल हुआ। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को शांत कराया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन



दिया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हापुड़ के एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि गांव में एहतियात के तौर पर पुलिसबल तैनात किया गया है और फिलहाल शांति बनी हुई है। हापुड़ एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र का एक गांव है रूस्तमपुर मोहम्मदपुर। वहां के एक व्यक्ति है सोरन सिंह। उनके यहां एक कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें कुछ लोग बाहर से भी आए हुए थे। उनमें से कुछ लोग लघुशंका करने के लिए गए, तो वहां पर अबुजर नामक एक व्यक्ति का मुर्गी फार्म था वहां पर तीन-चार लोग बैठे हुए थे, उन्होंने वहां पर लघुशंका करने से मना किया। इस बात पर इनके बीच विवाद हो गया। जिसमें दो लोग प्रिंस और सागर को चोटें आई है। इसमें अभियोग पंजीकृत करके वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। एक व्यक्ति को हिरासत में भी लिया गया है।

# ईवीएम में रंगीन फोटो, पोस्टल बैलेट को लेकर आया नया नियम, बिहार चुनाव में पहली बार दिखेंगे ये 17 बदलाव

**पटना, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा और इसके चरणों (फेज) को लेकर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आगामी चुनाव में लागू की जाने वाली 17 नई पहल न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगी। पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव को छठ महापर्व की तरह लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने भोजपुरी और मैथिली में मतदाताओं को संबोधित करते हुए आभार व्यक्त किया और लोकतंत्र के प्रति सहयोग के लिए बधाई दी।




**यह होंगे बिहार चुनाव में 17 बड़े बदलाव**

- ईवीएम में प्रत्याशियों की रंगीन फोटो होगी
- बूथ लेवल ऑफिसर को फोटो आईडी कार्ड दिया जाएगा
- पहली बार बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) की ट्रेनिंग दिल्ली में कराई गई
- एक पोलिंग बूथ पर ज्यादा से ज्यादा 1200 वोटर
- अब वोटिंग के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा
- बिहार की सभी बूथों पर वोटिंग प्रक्रिया लाइव होगी
- पहले 50-60 प्रतिशत बूथ पर ही वोटिंग वेब कास्ट होती थी
- बैलेट पेपर पर सीरियल नंबर पहले से बड़ा होगा
- मतदाताओं को दी जाने वाली वोटर स्लिप बड़े अक्षरों में होगी
- अब बूथ तक अपना मोबाइल फोन वोटर ले जा सकेंगे
- बूथ के बाहर मोबाइल जमा करने का सेंटर बनाया जाएगा
- सभी 90 हजार पोलिंग बूथ पर मोबाइल रखने की सुविधा होगी
- मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी से हर प्रत्याशी अपने एजेंट को लगा सकते हैं
- बिहार में वन स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म भी लागू होगा
- पोस्टल बैलेट की गिनती ईवीएम के आखिरी दो राउंड से पहले होगी
- चुनाव खत्म होने के बाद वोटिंग की पूरी जानकारी दी जाएगी
- चुनाव खत्म होने के कुछ ही दिन में सबको डिजिटल इंडेक्स कार्ड मिलेगा

सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बिहार ने वैशाली से लोकतंत्र को जन्म दिया है और अब




बिहार से ही चुनाव सुधार की नई दिशा देश को मिलेगी। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत अपात्र मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, जबकि योग्य मतदाता नामांकन की समाप्ति से दस दिन पहले तक फॉर्म-6 या फॉर्म-7 भरकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

## फतेहपुर में मकान गिरने से एक ही परिवार के पांच लोग दबे, एक की मौत, चार की हालत गंभीर

**फतेहपुर, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के ललौली थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां रविवार भोर पहर एक कच्चा मकान ढहने से एक ही परिवार के पांच लोग दब गए। इस हादसे में गृह स्वामी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मृतक की मां और बच्चों समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीक के सीएचसी भिजवाया, जहां से हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रैफर कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर मामले में अन्य विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ललौली थाना क्षेत्र के गोझ गांव के रहने वाले 55 वर्षीय हीरालाल कुरील मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। माली हालत कमजोर होने के चलते गांव में कच्चा मकान था, जिसमें मां सुखरानी (75) के साथ बेटियां रीना (25), मीना (22) और बेटा योगेंद्र (18) गुजर बसर करते थे। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात को सभी लोग खाना खाने के बाद सो गए थे। इस दौरान रविवार की तड़के करीब साढ़े चार बजे मकान भरभरा कर गिर गया। इस हादसे में परिवार के उपरोक्त पांचों लोग मलबे में दब गए।

# नगीना सांसद चंद्रशेखर की गर्लफ्रेंड बोलीं- मेरे पास ऐसे वीडियो, मुंह छिपाता फिरेगा

- वह भाजपा का दलाल, बसपा सुप्रीमो बनना चाहता था

**बिजनौर, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद पर उनकी एक्स गर्लफ्रेंड डॉ. रोहिणी घावरी ने कई सनसनीखेज आरोप लगाए। रोहिणी ने अपने सोशल मीडिया पेज पर 29 मिनट का वीडियो लाइव शेयर किया है। घावरी कहती हैं- चंद्रशेखर भाजपा का दलाल है। वह दलित-मुस्लिम की राजनीति करता है, जिससे बसपा को कमजोर किया जा सके। घावरी ने दावा करते हुए कहा- मेरे पास उसका ऐसा वीडियो है, जिस दिन



एक्सपोज किया, मुंह छिपाता फिरेगा। अभी तो एक रिकॉर्डिंग वायरल करने वाली हूँ, जिसमें वो बहन जी (बसपा सुप्रीमो मायावती) को अपशब्द कह रहा है। डॉ. घावरी ने दैनिक भास्कर को बताया- कैसे चंद्रशेखर उससे शादी करने का आश्वासन देकर दलितों में जाटव-वाल्मीकि समाज को एकजुट करने का झूठा ख्वाब दिखाते थे? फिर कैसे-कैसे भाजपा के साथ मिलकर दलित मूवमेंट, खासकर बसपा को कमजोर किया? बसपा सुप्रीमो मायावती को लेकर वह क्या कहते थे, घावरी ने पूछा उनके अलावा और कितनी दलित युवतियों की जिंदगी बर्बाद की है? डॉक्टर रोहिणी घावरी के आरोपों पर दैनिक भास्कर से चंद्रशेखर ने कहा- मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद हैं। जो भी फोटो जारी किए जा रहे हैं, वह एआई से जनरेटेड हैं। सारे आरोपों पर कोर्ट में जवाब दूंगा। डॉ. घावरी अपने सोशल पेज पर लाइव वीडियो में कहती हैं-चंद्रशेखर सिर्फ दलित समाज का रहनुमा बनने का नाटक करता है। अभी तो मैं उसकी एक रिकॉर्डिंग वायरल करने वाली हूँ, जिसमें वो बहन जी को गाली दे रहा था। इसमें ये बता रहा है कि बहन जी क्या हैं? मैं बहन जी के जन्मदिन पर उन्हें समाज का कोहिनूर, महानायिका आदि अपने सोशल पेज पर लिखकर पोस्ट करती थी। ये सब उसे नागवार लगता था। इसके बाद उसने बहन जी के बारे में ऐसी गंदी चीजें बतानी शुरू कीं, जिसके बारे में मैं लाइव बोल भी नहीं सकती। वह कहता था कि तुम जिस महिला का समर्थन करती हो, उस महिला ने ये किया है, वो किया है।

## यूपी में फिर चली तबादला एक्सप्रेस इंस्पेक्टर से डिप्टी एसपी बने 82 पुलिस अफसर को मिली नहीं तैनाती

**लखनऊ, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** यूपी में इंस्पेक्टर से डिप्टी एसपी बने 82 पुलिस अफसरों को नई तैनाती दे दी गई है। हाल ही में इन पुलिसकर्मियों का प्रमोशन हुआ था। सलीम खान को मैनपुरी से झांसी भेजा गया है, जबकि तेज प्रकाश को सीतापुर से महोबा ट्रांसफर किया गया है। बरेली में तैनात मीनाक्षी शर्मा को पीएसी बरेली भेजा गया है। लखनऊ में तैनात अजय सिंह को अयोध्या एसएसएफ का सहायक सेनानायक बनाया गया है। उर्मिला चौधरी को लखनऊ सीबीसीआईडी से ट्रांसफर करके लखनऊ में ही डिप्टी एसपी, खाद्य प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी दी गई है। प्रवीण कुमार यादव को सहारनपुर से वाराणसी भेजा गया है। अरुण सिंह को बाराबंकी से चंदौली का डिप्टी एसपी बनाया गया है। वहीं, वेद व्यास मिश्रा को चंदौली एलआईयू से प्रयागराज भेजा गया है। रमेश सिंह को फिरोजाबाद से सीतापुर का डिप्टी एसपी बनाया गया है। रेखा कपूर लखनऊ अधिसूचना में ही अब डिप्टी एसपी पद पर रहेंगी। गंगा प्रसाद को हाथरस से आगरा ट्रांसफर किया गया है। लखनऊ में तैनात विकास राय को अयोध्या का डिप्टी एसपी बनाया गया है। संतोष कुमार सिंह को चंदौली से कौशांबी भेजा गया है। जौनपुर में तैनात इंस्पेक्टर मुकेश कुमार को मैनपुरी का डिप्टी एसपी बनाया गया है।

# बरेली में तौकीर रजा के करीबी पर बुलडोजर एक्शन

- मैरिज हॉल का 70 फीसदी हिस्सा ढहाया, कल फिर चलेगा बुलडोजर

**बरेली, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** बरेली बवाल के बाद मौलाना तौकीर रजा और उसके करीबियों पर बुलडोजर एक्शन जारी है। बरेली विकास प्राधिकरण की टीम ने डॉ. नफीस के मैरिज हॉल पर बुलडोजर चलाया। 3 घंटे की कार्रवाई में मंडप (मोंटी), बाउंड्री वॉल, 9 कमरे और हॉल का अधिकतर हिस्सा गिराया गया। अंधेरा होने के कारण शाम 7 बजे बुलडोजर कार्रवाई बंद कर दी गई। बरेली विकास प्राधिकरण की टीम रविवार को बचे हुए हिस्से को गिराएगी। केवल हाल का कुछ हिस्सा ही बचा है। डॉ. नफीस तौकीर रजा की पार्टी इत्तेहाद मिल्लत काउंसिल का राष्ट्रीय महासचिव और प्रवक्ता है। पुलिस नफीस को उसके बेटे के साथ गिरफ्तार करके पहले ही जेल भेज चुकी है। नफीस ने लोगों को प्रोटेस्ट के लिए बुलाया था। इसके अलावा इंस्पेक्टर को हाथ काटने की धमकी दी थी। पीएसी और आरएएफ और 5 थानों की फोर्स के साथ बरेली विकास प्राधिकरण की टीम दोपहर 3 बजे पहुंची थी। 3 बुलडोजर से शाम 4 बजे भवन तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई। शाम 7 बजे तक की कार्रवाई में मैरिज हॉल का 70 फीसदी हिस्सा गिरा दिया गया। ये कार्रवाई किला के जखीरा क्षेत्र में रजा पैलेस पर की जा रही है। वहीं, बवाल के समय तौकीर रजा जिस घर में छिपे थे। उस घर को भी सील कर दिया गया है। स्थानीय



लोगों के अनुसार, डॉ. नफीस का बारात घर एक हजार वर्ग गज ( 10 हजार स्क्वायर फीट) में बना है। यहां जमीन की अनुमानित कीमत 50 हजार/प्रति वर्ग गज है। इसमें 10 कमरे बने हैं। इसकी कीमत करीब 5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा- जहां भी अतिक्रमण मिलेगा, वहां बुलडोजर चलेगा। हिंसा फैलाने वालों को किसी भी हाल में नहीं छोड़ा जाएगा। बरेली बवाल के बाद तौकीर रजा आईएमसी नेता फरहत के घर पर छिपे थे। उनके घर को सील कर दिया गया है। दरअसल, फरहत ने तौकीर की वीडियो बनाकर वायरल की थी। पुलिस तौकीर के साथ ही फरहत को भी गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। बारादरी के फाइक एंक्लेव कॉलोनी में फरहत का आलीशान घर है। कल उसके घर पर भी बुलडोजर कार्रवाई हो सकती है। इसके अलावा तौकीर के खास और हिंसा के आरोपी नदीम खान की 4 दुकानों को सील कर दिया गया है। नौमहला मस्जिद के पास ये 4 दुकानें है।

## एअर इंडिया विमान की इंग्लैंड के बर्मिंघम में इमरजेंसी लैंडिंग

**अमृतसर, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** पंजाब के अमृतसर से इंग्लैंड के बर्मिंघम के लिए रवाना हुई एअर इंडिया की फ्लाइट एआई117 (बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8) की बर्मिंघम में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। हालांकि, लैंडिंग पूरी तरह से सेफ रही। घटना 4 अक्टूबर की है। फ्लाइट ने दोपहर 12.52 पर अमृतसर से उड़ान भरी थी। 10.45 घंटे की उड़ान के बाद बर्मिंघम पहुंची थी। लैंडिंग से पहले पायलट ने पाया कि विमान की रैम एयर टरबाइन एक्टिव हो गई थी। इसके बाद इमरजेंसी लैंडिंग हुई। एयर इंडिया के मुताबिक, सभी यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। जांच में सामने आया कि विमान के सभी इलेक्ट्रिकल और हाइड्रोलिक सिस्टम ठीक से काम रहे थे। प्लेन को ग्राउंड किया गया है। इसकी दिल्ली वापसी की उड़ान भी रद्द की गई।यात्रियों के लिए दूसरी फ्लाइट का इंतजाम किया गया। किसी भी कॉमर्शियल विमान में पावर के लिए दो इलेक्ट्रिक जनरेटर होते हैं, जिन्हें इंटीग्रेटेड ड्राइव जनरेटर कहते हैं।

# मथुरा में खड़ी स्कूटी में लगी आग, 10 मिनट में जलकर खाक, पुलिस जांच में जुटी

**मथुरा, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** मथुरा के चौबिया पाड़ा क्षेत्र में रविवार सुबह एक खड़ी स्कूटी में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। 10 मिनट में आग इतनी फैल गई कि नई खरीदी गई स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार, चौबिया पाड़ा निवासी संजय चतुर्वेदी के घर के बाहर यह घटना हुई। शनिवार रात उनके भाई के पुत्र की नई स्कूटी घर के बाहर खड़ी थी, क्योंकि घर में नवीनीकरण का काम चल रहा था। रविवार सुबह अचानक स्कूटी में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की और पुलिस को सूचना दी, लेकिन तब तक स्कूटी का अगला हिस्सा पूरी तरह नष्ट हो चुका था। संजय चतुर्वेदी ने बताया कि यह स्कूटी कुछ ही दिन पहले खरीदी गई



थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा सके। फिलहाल आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस ने लोगों से सावधानी बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत देने की अपील की है।

# अतीक का छोटा बेटा भाई से मिलने पहुंचा था जेल, सामने आया वीडियो, मुलाकात के 14 दिन बाद अली प्रयागराज से झांसी जेल में किया शिफ्ट

**प्रयागराज, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** माफिया अतीक अहमद का सबसे छोटा बेटा अबान दो साल बाद नजर आया। 17 सितंबर को तीन कारों के काफिले के साथ अबान नैनी सेंट्रल जेल में बंद अपने भाई अली से मिलने पहुंचा था। इसका वीडियो अब सामने आया है। इस मुलाकात के 14 दिन बाद यानी 1 अक्टूबर को अली की जेल बदल दी गई। उसे प्रयागराज से 420 किमी दूर झांसी भेज दिया गया। अली को जेल के हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया था। उसे किसी से भी मिलने की इजाजत नहीं थी। अली का वकील भी महीने में सिर्फ एक बार मिल सकता था। ऐसे में अबान और अली की मुलाकात से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि, माना जा रहा है कि जेल बदले जाने के बाद अब कुछ जिम्मेदारों पर भी गाज गिर सकती है। वीडियो में अबान के हावभाव पूरी तरह बदले दिखे। दो सालों में अबान काफी मोटा हो गया है। उसने हल्की दाढ़ी भी रख ली है। शर्ट, जींस और स्पोर्ट्स शू पहने अबान सफेद अंगोछा डाले जेल पहुंचा था। वीडियो और फोटो न बनें, इसलिए वह अंगोछे से अपने चेहरे को बार-बार ढकते हुए जेल गेट की तरफ बढ़ता दिखा। उसके साथ वकील भी थे, जो वीडियो बनाने वाले को मना करते थे कि ऐसा न करें। 24 फरवरी,



2023 को प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या हुई। पुलिस का दावा है कि अली इस घटना की साजिश में शामिल था। नैनी जेल में रहते हुए उसने अपने छोटे भाई असद और परिवार के अन्य लोगों के साथ मिलकर उमेश की हत्या की साजिश रची। इस मामले में उसका बड़ा भाई उमर भी आरोपी है, जो लखनऊ जेल में बंद है। हत्याकांड के बाद देश-प्रदेश में छापेमारी शुरू हुई। तीसरे नंबर के बेटे असद का झांसी में एनकाउंटर हो गया। वहीं, पुलिस ने अतीक के चौथे और पांचवें नंबर के बेटे अहजम और अबान को पकड़ा। इसके बाद दोनों नाबालिगों को बालगृह में रखा गया। 15 अप्रैल, 2023 को प्रयागराज में अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या हुई। तब भी अहजम और अबान बालगृह में ही रहे। पिता और चाचा के जनाजे में शामिल नहीं हो सके थे।

# अयोध्या में घर में धमाका, युवक की मौत, 2 गंभीर घायल, एक मकान जमींदोज

**अयोध्या, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** अयोध्या में एक घर में जोरदार विस्फोट हो गया। हादसा बीकापुर कोतवाली से महज 100 मीटर की दूरी पर हुआ। यह जगह राममंदिर से करीब 28 किलोमीटर दूर है। इस हादसे में एक घर जमींदोज हो गया। वहीं, मलबे में दबने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं, 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके से आसपास के 3-4 घरों की दीवारों में भी दरारें आई हैं। धमाके की आवाज करीब एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। फिर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। धमाका कैसे हुआ, यह अभी साफ नहीं हो पाया है। फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। टीम मौके से सैंपल एकत्र कर रही है। पुलिस टीम भी मौके पर है। जिस घर में विस्फोट हुआ, वह विवेकानंद पांडेय का है। वह नगर पंचायतकर्मी हैं। घायल विवेकानंद की मां उषा देवी ने बताया- हम



घर पर नहीं थे। मेरा बेटा घर पर था। बहुत चोट लगी है। उसे अस्पताल लेकर गए हैं। पता नहीं क्या दग गया? कैसे विस्फोट हुआ? मुख्य अग्निशमन अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया- टीम जब मलबा हटाते हुए अंदर गई तो एक डेड बॉडी और दो लोग गंभीर रूप से घायल मिले। तुरंत तीनों को अस्पताल भेजा गया। बाद में मलबे हटाकर देखा गया, तो ऐसा कोई एविडेंस नहीं मिला कि सिलेंडर फटा हो या पटाखा फटा हो। हमारे हिसाब से ये बिल्डिंग बहुत पुरानी थी। लेंटर में सरिया नहीं था।

## पहलगाम हमले के मददगार का बड़ा खुलासा, आतंकियों को मोबाइल चार्जर दिया, चार बार मुलाकात की

**श्रीनगर, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** पहलगाम हमला करने वाले आतंकियों के मददगार मोहम्मद यूसुफ कटारी ने कई खुलासे किए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया कि कटारी ने पूछताछ में कबूल किया कि उसने आतंकियों से चार बार मुलाकात की थी। उन्हें मोबाइल चार्जर भी दिया था। दरअसल पुलिस ने कटारी को 24 सितंबर को अरेस्ट किया था। 26 साल का कटारी कुलगाम का रहने वाला है। कटारी ने हमले को अंजाम देने वाले द रेसिस्टेंस फ्रंट के आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराया था। कटारी की गिरफ्तारी ऑपरेशन महादेव के दौरान जब्त हथियारों की जांच की वजह से हुई। इससे पहले जून में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला कि तीन आतंकियों लश्कर कमांडर सुलेमान शाह, अफगान और जिबरान ने यह हमला किया था। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में इन तीनों आतंकियों को मार गिराया गया था। पहलगाम हमले के दो महीने बाद 23 जून को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया था। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। एनआईए के मुताबिक, परवेज और बशीर ने हमले से पहले इन तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थायी ढोक (झोपड़ी) में जानबूझकर ठहराया था। उन्होंने उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई थीं। 22 अप्रैल को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी और 16 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। आतंकियों ने पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर चुन-चुनकर निशाना बनाया था।

# खाना नहीं देने पर कर दी ढाबा कर्मचारी की बेरहमी से हत्या

**ग्रेटर नोएडा, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** गौड़ सिटी-2 के पास एक ढाबे पर देर रात महज खाना न देने पर हुए विवाद में ढाबे के कर्मचारी नीटू निवासी मुजफ्फरपुर की पीटकर हत्या कर दी गई। वारदात के समय नीटू ढाबे पर अकेला था। सिर में गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी नितिन समेत 3 के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ढाबा संचालक वरुण कौशिक ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार देर रात करीब 11:30 बजे एक युवक खाना खाने आया था, लेकिन ढाबा बंद होने के कारण खाना नहीं मिल पाया। इसी बात पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। आरोप है कि वरुण और उसके कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद युवक उन्हें देख लेने की धमकी देकर चला गया। वरुण के ढाबा बंद कर जाने के कुछ देर बाद आरोपी अपने दो अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचा। उस वक्त ढाबे पर अकेला नीटू मौजूद था। आरोप है कि तीनों ने रॉड और लाठी-डंडों से नीटू को जमकर पीटा। घायल को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। एडीसीपी शैव्या गोयल और अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एडीसीपी ने बताया कि खाना देने को लेकर हुए विवाद में नीटू की हत्या की गई है। घटना में शामिल सभी आरोपियों की शिनाख्त कर ली गई है, उनकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। जल्द आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

# पाकिस्तानी रक्षामंत्री की भारत को गीदड़ भभकी, कहा- अब जंग हुई तो भारत अपने ही फाइटर जेट्स के मलबे में दब जाएगा

**इस्लामाबाद, 05 अक्तूबर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने धमकी देते हुए कहा है कि अबकी बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है। आसिफ ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली जान-बूझकर तनाव बढ़ा रही है, ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके। इससे पहले पाकिस्तान सेना ने शनिवार रात को कहा था कि अगर अब दोनों देशों के बीच युद्ध हुआ तो तबाही होगी। अगर



दुश्मनी का नया दौर शुरू हुआ तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब देंगे। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग आईएसपीआर ने ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर कहा था कि भारतीय रक्षामंत्री और सेना के अधिकारियों के गैर-जिम्मेदाराना बयान जंग को बढ़ावा देने की कोशिश हैं। इसके साथ ही भारतीय आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी पर निशाना साधते हुए पाकिस्तानी सेना ने कहा- जहां तक पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने की बातें हैं। भारत को पता होना चाहिए कि ऐसे हालात आते हैं, तो दोनों देश मिट जाएंगे। दरअसल, शुक्रवार को उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था- पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि उसे मैप में रहना है या नहीं। अगर अपनी जगह बनानी है, तो उसे आतंकवाद को संरक्षण देना बंद करना पड़ेगा। भारत से आ रहे बयान झूठे, उकसाने, बिना सोच-विचार और जंग को बढ़ावा देने वाले हैं। दशकों तक भारत ने खुद को पीड़ित बताकर पाकिस्तान को गलत बताया, जबकि वह खुद हिंसा और आतंक को बढ़ावा देता है। इस साल भारत के कारण दो परमाणु देश युद्ध के कगार पर आ पहुंच गए थे, भारत शायद उन नुकसानों और पाकिस्तान की कड़ी प्रतिक्रियों को भूल गया है। भारतीय रक्षा मंत्री, उसकी सेना और वायु सेना प्रमुखों के भड़काऊ बयानों पर हम चेतावनी देते हैं कि भविष्य में यह टकराव तबाही ला सकता है। अगर दुश्मनी का एक नया दौर शुरू होता है, तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचक के पूरी ताकत और मजबूती से जवाब देंगे।